रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 108] नई दिल्ली, सोमवार, अप्रैल 27, 2015/वैशाख 7, 1937
No. 108] NEW DELHI, MONDAY, APRIL 27, 2015/VAISAKHA 7, 1937

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)

(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 27 अप्रैल, 2015

अंतिम जाँच परिणाम

विषय : दक्षिण अफ्रीका के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फेनोल के आयातों से संबंधित निर्णायक समीक्षा (एस एस आर) पाटनरोधी जांच ।

सं. 15/21/2013-डीजीएडी - समय-समय पर यथा संशोधित सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (जिसे एतद्पश्चात अधिनियम भी कहा गया है) और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा-शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षतिनिर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात नियमावली कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए,

क. मामले की पृष्ठभूमि

निर्दिष्ट प्राधिकारी ने समय-समय पर यथा संशोधित सीमा-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और समय-समय पर यथा संशोधित सीमा-शुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 को ध्यान में रखते हुए दिनांक 15 फरवरी, 2002 की अधिसूचना सं. 14/4/2002-डीजीएडी द्वारा यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फेनोल (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध वस्तु कहा गया है) के आयातों से संबंधित मूल जाँच की शुरूआत की थी। निर्दिष्ट प्राधिकारी ने 24 जून, 2002 की अधिसूचना सं. 14/4/2002-डीजीएडी द्वारा प्रारंभिक जाँच परिणाम जारी किए थे अनंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने की सिफारिश की गई थी। अंतिम जाँच परिणाम दिनांक 13 फरवरी, 2003 की अधिसूचना सं. 14/4/2002-डीजीएडी द्वारा जारी किए गए थे जिनमें यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई। राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 24 मार्च, 2003 की अधिसूचना सं. 47/2003-सीमा-शुल्क द्वारा निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू किया गया था।

2. एक मध्यावधि समीक्षा जाँच की गई थी और प्राधिकारी द्वारा दिनांक 13 जुलाई, 2007 की अधिसूचना सं. 15/4/2006-डीजीएडी द्वारा अंतिम जाँच परिणाम अधिसूचित किए गए थे जिनमें सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और यूरोपीय संघ के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के सभी आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने और शुल्क की निर्धारित राशि को लागू करके शुल्क के रूप में बदलाव करने की सिफारिश की गई थी। राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 31.08.2007 की अधिसूचना सं. 98/2007-सीमाशुल्क द्वारा संबद्ध वस्तु पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू किया गया था।

3. पहली निर्णायक समीक्षा जाँच को 10 अगस्त, 2007 को शुरू किया गया था। प्राधिकारी द्वारा अंतिम जाँच परिणाम दिनांक 4 अगस्त, 2008 की अधिसूचना सं. 15/9/2007-डीजीएडी द्वारा अधिसूचित किए गए थे जिनमें यूरोपीय संघ और सिंगापुर से संबद्ध वस्तु के आयातों पर उसी पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने और दक्षिण अफ्रीका से संबद्ध वस्तु के आयातों पर संशोधित निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की गई थी। प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 31 अक्तूबर, 2008 की अधिसूचना सं. 114/2008-सीमाशुल्क द्वारा निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लागू किया गया था।

4. प्राधिकारी द्वारा यूरोपीय संघ, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फेनोल के आयातों के संबध में 8 दिसम्बर, 2011 की अधिसूचना सं. 15/16/2011-डीजीएडी द्वारा शुरू की गई थी। दूसरी एमटीआर जाँच में अंतिम जाँच परिणाम प्रधिकारी द्वारा दिनांक 6 फरवरी, 2013 की अधिसूचना सं. 15/16/2011-डीजीएडी द्वारा अधिसूचित किए गए थे जिसमें दक्षिण अफ्रीका के आयातों के संबंध में पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने और सिंगापुर और यूरोपीय संघ से संबद्ध वस्तु के आयातों पर शुल्क को रद्द करने की सिफारिश की गई थी। प्राधिकारी द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राजस्व विभाग द्वारा दिनांक 3 मई, 2013 की अधिसूचना सं. 10/2013-सीमाशुल्क (एडीडी) द्वारा दक्षिण अफ्रीका से संबद्ध वस्तु के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क को जारी रखा और सिंगापुर और यूरोपीय संघ से संबद्ध वस्तु के आयातों पर शुल्क को रद्द कर दिया था।

5.निर्दिष्ट प्राधिकारी ने दक्षिण अफ्रीका (जिसे एतद्पश्चात संबद्ध देश कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित फेनोल के आयातों के संबंध में दिनांक 28 अक्तूबर, 2013 की अधिसूचना सं. 15/21/2013-डीजीएडी द्वारा वर्तमान समीक्षा जाँच की शुरूआत की।

6. मै. हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स लिमिटेड (जिसे एतद्पश्चात एचओसीएल भी कहा गया है) ने मै. एसआई ग्रुप इंडिया (जिसे एतद्पश्चात एसआई ग्रुप भी कहा गया है) के समर्थन से निर्दिष्ट प्राधिकारी के समक्ष एक विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन दायर किया है जिसमें संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के पाटन के जारी रहने तथा घरेलू उद्योग को परिणामी क्षति होने की संभावना का आरोप लगाया गया है और संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों पर लागू पाटनरोधी शुल्क की राशि को समीक्षा करने, उसे जारी रखने और उसे बढाने का अनुरोध किया गया है।

7. घरेलू उद्योग की ओर से दायर किए गए विधिवत रूप से साक्ष्यांकित आवेदन और पाटनरोधी नियमावली के नियम 23 के साथ पठित अधिनियम की धारा 9 क (5) के अनुसार प्राधिकारी ने दिनांक 28 अक्तूबर, 2013 की अधिसूचना सं. 15/21/2013-डीजीएडी द्वारा निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत की ताकि संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के संबंध में लागू शुल्कों को जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा की जा सके और इस बात की जाँच की जा सके कि क्या ऐसे शुल्क की समाप्ति से पाटन के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने और घरेलू उद्योग को क्षति होने की आशंका है। राजस्व विभाग द्वारा शुल्क की अवधि को 30 अक्तूबर 2014 तक के लिए बढा दिया गया है।

8. वर्तमान समीक्षा के कार्यक्षेत्र में संबद्ध देश के मूल की अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध वस्तु के आयातों से संबंधित पूर्ववर्ती जाँचों के सभी पहलू शामिल होंगे।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

9. संबद्ध जांच के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन किया गया है:

i. नई दिल्ली के संबद्ध देश के दूतावास को नियम 6(2) के अनुसार इस जांच की शुरूआत के बारे में सूचित किया गया था।

ii. इस प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली 6(3) के अनुरूप ज्ञात निर्यातकों तथा संबद्ध देश के दूतावास को इन आवेदनों का अगोपनीय पाठ की प्रतियां उपलब्ध कराई थी। आवेदन अगोपनीय अंश की एक प्रति सार्वजनिक फाइल में भी उपलब्ध कराई गई और अनुरोध करने पर अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दी गई।

iii. प्राधिकारी ने दक्षिण अफ्रीका में एकमात्र ज्ञात विनिर्माता/निर्यातक मेरिसोल, दक्षिण अफ्रीका (जिसका नाम और पता याचिकाकर्त्ता द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराए गए) को सार्वजनिक सूचना की प्रति अग्रेषित की तथा उन्हें नियमावली 6(2) एवं 6(4) के अनुरूप पत्र की तारीख से 40 दिनों के भीतर लिखित में अपने दृष्टिकोण रखने का उन्हें अवसर दिया।

iv. मै. मेरिसोल आरएसए पीटीवाई लि. जो दक्षिण अफ्रीका में एकमात्र ज्ञात उत्पादक/निर्यातक हैं, ने जाँच के लिए एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। तथापि तत्पश्चात भारत में मै. मेरिसोल के प्राधिकृत प्रतिनिधि मै. ईएलपी, मुम्बई ने दिनांक 18.06.2014 के अपने पत्र द्वारा प्राधिकारी को वाणिज्यिक विचारों के कारण मेरिसोल के जाँच में एक हितबद्ध पक्ष के रूप में हटने के बारे में सूचित किया।

v. इस प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/उपभोक्ताओं (जिनके नाम एवं पते आवेदक द्वारा प्राधिकारी को उपलब्ध कराये गए थे) को सार्वजनिक सूचना की प्रतियां अग्रेषित की तथा उन्हें सलाह दी कि नियम 6(4) के अनुरूप इस पत्र के जारी होने की तिथि से चालीस (40) दिनों के भीतर लिखित रूप में अपने दृष्टिकोण से अवगत करायें:

क. मैसर्स सी.जे. शाह एण्ड कंपनी

ख. मैसर्स हरेश कुमार एण्ड कंपनी

ग. मैसर्स पीसीएल आयल्इंडस्ट्रीज लिमिटेड

घ. मैसर्स कांतिललाल मनीलाल एण्ड कंपनी प्राईवेट लिमिटेड

ङ. मैसर्स सोनकमल इंटरप्राइसिस

च. मैसर्स खेतान ब्रदर्स

छ. मैसर्स शुभम डाइज़ एण्ड केमिकल्स लिमिटेड

ज. मैसर्स एक्रोन इंटरप्राइसिस

झ. मैसर्स नेकनावारे केमिकल्स लिमिटेड

ञ. मैसर्स पारस डाइज़ एण्ड केमिकल्स

ट. मैसर्स ट्रोन्ट फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड

ठ. मैसर्स युनाईटेड फास्फोरस लिमिटेड

ड. मैसर्स रेसिनस एण्ड प्लास्टिक लिमिटेड

ढ. मैसर्स कैलाश पोलीमर्स

ण. मैसर्स सेंट्रम मेटालिक्स प्राईवेट लिमिटेड

त. मैसर्स वंडर लेमिनेटस प्राईवेट लिमिटेड

थ. मैसर्स मेघदेव इंटरप्राइसिस

द. मैसर्स सतगुरू इंटरनेशनल

ध. मैसर्स हाई पोलीमर्स लेब्स लिमिटेड

न. मैसर्स रेनबो कलर्स एण्ड केमिकल्स

ऩ. मैसर्स ब्लीच मार्केटिंग प्राईवेट लिमिटेड

प. मैसर्स कारमेन इंटरनेशनल (प्रा.) लिमिटेड

फ. मैसर्स कृष्णा एंटीएक्सीडेंट्स प्राईवेट लिमिटेड

ब. मैसर्स एनजीपी इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड

भ. मैसर्स फार्मसन फार्मास्युटिकल्स गुजरात लिमिटेड

म. मैसर्स इंडिया ग्लाइकोल्स लिमिटेड

कक. मै. सिंह प्लास्टीसाइजर्स एंड रेजिंस (आई) प्रा., नई दिल्ली

खख. मै. नेशनल प्लाइवुड इंडस्ट्रीज लि., कोलकाता

गग. कुन्दन राइस मिल्स लि. नई दिल्ली

vi. संबद्ध वस्तु के केवल एक आयातक अर्थात मै. एक्जिमकोर्प इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इस मामले में उत्तर प्रस्तुत किया है।

vii. वर्तमान समीक्षा जांच के उद्देश्य से जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013(पीओआई) तक है। हानि संबंधी विश्लेषण के संदर्भ में प्रवृत्तियों की जांच में अप्रैल 2009 - मार्च 2010, अप्रैल 2010 - मार्च 2011, अप्रैल 2011 - मार्च 2012 तथा जांच की यह अवधि शामिल है।

viii. जाँच अवधि और पूर्ववर्ती तीन वर्षों के लिए वाणिज्य आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआई एंड एस) से लिए गए सौदा-वार आयात आकड़ों का वर्तमान एसएसआर जांच में विश्लेषण के लिए विश्वसनीय माना है।

ix. निर्यातक, उत्पादक, आयातक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों, जिन्होंने इस प्राधिकारी को न तो उत्तर दिया है और न ही इस जांच से संबंधित सूचना दी है, को प्राधिकारी द्वारा असहयोगी हितबद्ध पक्षकारों के रूप में माना गया है।

x. इस प्राधिकारी में नियम 6(7) के अनुसार हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जांच हेतु रखी गई सार्वजनिक फाईल के रूप में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को अगोपनीय पाठ उपलब्ध कराया।

xi. प्राधिकारी ने उत्पादन की लागत तय करने तथा अपनी सतत रीतियों के अनुसार भारत से संबद्ध वस्तुओं का क्षति रहित मूल्य का निर्धारण करने जिससे इस बात की जांच की जा सके कि पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति को दूर करने के लिए पर्याप्त होगा, हेतु नियमावली के अनुबंध-III में निर्धारित दिशानिर्देशों के आधार पर संभव सीमा तक घरेलू उत्पादक द्वारा प्रस्तुत सूचना की जांच की है।

xii. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों को 26.06.2014 को आयोजित आम सुनवाई में अपना दृष्टिकोण मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया। सुनवाई में भाग लेने वाले सभी हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे मौखिक रूप से व्यक्त किए गए अपने अनुरोध/खंडनों को लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

xiii. इस जाँच के दौरान हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत किए गए अनुरोधों पर इस जाँच परिणाम में जाँच और उनका समाधान किया गया है।

xiv. राजस्व विभाग ने दिनांक 7.11.2014 के कार्यालय ज्ञापन सं. 354/124/2012-टीआरयू(पीटी-III) द्वारा जांच पूरी करने की समय-सीमा को 27.04.2015 तक बढ़ा दिया।

xv. प्राधिकारी ने जाँच की प्रक्रिया के दौरान दी गई सूचना जिन पर यह जाँच परिणाम आधारित हैं की सत्यता से स्वयं को संतुष्ट किया । प्राधिकारी ने संगत और आवश्यक समझी गई सीमा तक घरेलू उद्योग के परिसर के मौके पर सत्यापन किया। घरेलू उद्योग से क्षति के संबंध में अतिरिक्त/पूरक ब्योरे मांगे गए और प्राप्त किये गए।

xvi. गोपनीय आधार पर हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच उनके गोपनीयता के दावे के पर्याप्त होने के संबंध में की गई। संतुष्ट होने पर इस प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक हुआ गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय माना गया है और उसे अन्य हितबद्ध पक्षकारों को नहीं बताया गया है। जहां भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे गोपनीय आधार पर दी गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय भाग उपलब्ध करायें।

xvii. संबंधित नियमावली के अनुसार प्राधिकारी ने 20.04.2015 को प्रकटन विवरण के रूप में सभी हितबद्ध पक्षकारों को उनकी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए इस मामले के आवश्यक तथ्यों से अवगत कराया। उनसे प्राप्त टिप्पणियों पर प्राधिकारी द्वारा संगत सीमा तक इस जांच परिणाम में विचार किया गया है।

xviii. इस निष्कर्ष में *** किसी हितबद्ध पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत सूचना तथा नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार से विचार किये जाने का द्योतक है।

xix. पीओआई के लिए विनियम दर इस प्राधिकारी द्वारा 54.70 रुपया = 1 अमरीकी डॉलर के रूप में लिया गया है।

ग. <u>विचाराधीन उत्पाद का दायरा और समान वस्तु</u>

<u>ग.1 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

10. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. फेनोल एक मूल कार्बनिक रसायन है जिसे सामान्यतया सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 29 के तहत वर्गीकृत किया जाता है। इस उत्पाद को दो रूपों - बल्क और पैक्ड में बेचा जाता है। बल्क बिक्रियां सामान्यत: खुले रूप में होती है जबकि पैक्ड खेपे काफी छोटे कंटेनर भारों में हो सकती है और सामान्यत: ड्रम में पैक की जाती है। फेनोल का उपयोग फेनोल, फार्मलडिहाईड रेसिन, लेमिनेट, प्लाईवुड, पार्टिकल बोर्ड, बिसफेनोल-ए, अल्काइल फेनोल, फार्मास्यूटिकल्स, डिफेनाईल ऑक्साईड आदि में किया जाता है। इस उत्पाद को सीमाशुल्क टैरिफ शीर्ष संख्या 29071110 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि यह सीमाशुल्क और आईटीसी एचएस वर्गीकरण मात्र सांकेतिक हैं और वर्तमान जाँच के दायरे पर किसी भी तरह से बाध्यकारी नहीं हैं ।

ii. विचाराधीन उत्पाद के संबंध में इस अवधि के दौरान कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ है।

iii. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद संबद्ध देशों से आयातित उत्पाद से मापदंडों जैसे वास्तविक और तकनीकी विशेषताएं, विनिर्माण प्रक्रियाएं और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से समान वस्तु है।

<u>ग. 2 उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

11. विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) और समान वस्तु के दायरे के संबंध में उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा कोई संगत अनुरोध नहीं किए गए हैं।

<u>ग. 3 प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

12. मूल जाँच की तरह तथा वर्तमान निर्णायक समीक्षा जाँच में भी विचाराधीन उत्पाद फेनोल है। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की गई मूल जाँच के अनुसार इस उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया है:

iv. "विचाराधीन उत्पाद सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका और यूरोपीय संघ के मूल का अथवा वहाँ से निर्यातित "फेनोल" है। फेनोल एक मूल कार्बनिक रसायन है जिसे सामान्यतया सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम के अध्याय 29 के तहत वर्गीकृत किया जाता है। इस उत्पाद को दो रूपों - बल्क और पैक्ड में बेचा जाता है। बल्क बिक्रियां सामान्यत: खुले रूप में होती है जबकि पैक्ड खेपे काफी छोटे कंटेनर भारों में हो सकती है और सामान्यत: ड्रम में पैक की जाती है। फेनोल का उपयोग फेनोल, फार्मलडिहाईड रेसिन, लेमिनेट, प्लाईवुड, पार्टिकल बोर्ड, बिसफेनोल-ए, अल्काइल फेनोल, फार्मास्यूटिकल्स, डिफेनाईल ऑक्साईड आदि में किया जाता है। इस उत्पाद को सीमाशुल्क टैरिफ शीर्ष संख्या 29071110 के अंतर्गत वर्गीकृत किया जाता है। तथापि यह सीमाशुल्क और आईटीसी एचएस वर्गीकरण मात्र सांकेतिक हैं और वर्तमान जाँच के दायरे पर किसी भी तरह से बाध्यकारी नहीं हैं।

13. याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उनके द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देश से आयातित उत्पाद मापदंडों जैसे वास्तविक और तकनीकी विशेषताएं, विनिर्माण प्रक्रियाएं और प्रौद्योगिकी, कार्य और प्रयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से समान वस्तुएं हैं। ये दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय है और उपभोक्ता इन दोनों का प्रयोग एक-दूसरे के स्थान पर कर सकते हैं। वर्तमान समीक्षा जाँच के प्रयोजनार्थ याचिकाकत्ताओं द्वारा उत्पादित की जा रही संबद्ध वस्तु को संबद्ध देश से आयात की जा रही वस्तु के 'समान वस्तु' माना जा रहा है। इसके अलावा किसी भी हितबद्ध पक्ष ने विचाराधीन उत्पाद के दायरें में परिवर्तन करने के लिए कोई संगत अनुरोध नहीं किया है।

14. चूंकि यह निर्णायक समीक्षा जाँच है इसलिए प्राधिकारी मानते हैं कि वर्तमान जाँच में पीयूसी का दायरा मूल जाँच के समान ही रहेगा।

घ. <u>घरेलू उद्योग और उसकी योग्यता</u>

<u>घ.1 घरेलू उद्योग के अनुरोध</u>

15. घरेलू उद्योग और उसकी योग्यता के दायरे के संबंध में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. घरेलू उद्योग और उसकी योग्यता का दायरा निर्णायक समीक्षा में संगत नहीं है।

ii. याचिकाकर्त्ता मै. हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स लिमिटेड और मै. एसआई ग्रुप इंडिया भारत में फेनोल के एकमात्र उत्पादक हैं।

iii. याचिकाकर्त्ताओं का उत्पादन कुल भारतीय उत्पादन का 100 प्रतिशत हिस्सा बनता है।

iv. याचिकाकर्त्ता बहु-उत्पाद कंपनी हैं।

v. याचिकाकर्त्ताओं ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयात नहीं किया है। वे संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद के निर्यातकों से न तो संबंधित हैं और न ही संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातकों से संबंधित हैं।

घ. 2 उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोध

16. उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा घरेलू उद्योग और उसकी योग्यता के संबंध में कोई संगत अनुरोध नहीं किया गया है।

घ. 3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

17. यह याचिका मै. हिन्दुस्तान आर्गेनिक कैमिकल्स लिमिटेड द्वारा दायर की गई है और मै. एसआई ग्रुप इंडिया द्वारा समर्थित है। यह नोट किया जाता है कि याचिकाकर्त्ता भारत में संबंधित उत्पाद का एकमात्र उत्पादक हैं और इसलिए पूरा भारतीय उत्पादन करते हैं। इसके अलावा, याचिकाकर्त्ताओं ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का आयात नहीं किया है और वे संबद्ध देश में विचाराधीन उत्पाद के आयातक या निर्यातक से संबंधित नहीं हैं। अत: प्राधिकारी मानते हैं कि याचिकाकर्त्ता क्षति जाँच के प्रयोजनार्थ नियमावली के अर्थ के भीतर घरेलू उद्योग हैं और उनके पास समीक्षा हेतु आवेदन करने की योग्यता है।

ङ. विविध अनुरोध

ङ. 1 उत्पादकों/निर्यातकों/आयातकों/अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए विविध अनुरोध

18. संबद्ध वस्तु के प्रतिवादी आयातकों द्वारा हितबद्ध पक्ष के रूप में निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:

i. शुल्क के 30 अक्तूबर, 2013 के समाप्त हो जाने के बाद उसकी समीक्षा नहीं की जा सकती है। अत: 12 नवम्बर, 2013 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं. 29/2013 द्वारा शुल्क की अवधि बढाया जाना अवैध है।

ii. एसआई ग्रुप ने सकारात्मक वृद्धि दिखाई दी है जबकि एचओसीएल की स्थिति बिगड़ी है। आयात केवल एक उत्पादक को ही प्रभावित नहीं कर सकते हैं।

iii. यह शुल्क घरेलू उद्योग पर लगभग 12 वर्षों पहले 2002 में लगाया गया है। यदि इस समय के दौरान घरेलू उद्योग सुधरने में सक्षम नहीं हो पाया तो उसे यह दर्शाना चाहिए कि भविष्य में वह ऐसा कैसे करेगा।

iv. एचओसीएल कुप्रबंधन के कारण पूर्णत: रूग्ण है।

v. एचओसीएल प्रचालन करने में अक्षम है क्योंकि उसके द्वारा उत्पादित धन उत्पादन की बंद पड़ी लाइनों में खप जा रहा है।

vi. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में उल्लेख है कि कच्ची सामग्री की कमी, उच्च स्टॉक और फेनोल और एसीटोन सहित उसके रसायनों के नहीं बिकने के कारण अस्थाई बंदी हुई थी। इकाइयों के पुनरूद्धार के लिए उन्हें तत्काल 150 करोड़ रूपए की आवश्यकता है। किसी पाटनरोधी शुल्क से संयंत्र को प्रचालित किए जाने में मदद मिलना मुश्किल है। निधि की प्राप्ति नहीं होने से इकाई स्थाई रूप से बंद हो जाएगी।

vii. चीन जन. गण. से सोडियम ट्राई पोली फोस्फेट के हाल के मामलें की स्थिति वर्तमान मामले में भी लागू होती है। एचओसीएल ने इस तथ्य को नहीं बताया है कि वह काफी समय से संयंत्र को नहीं चला रहा है परंतु शुल्कों की मांग कर रहा है। यह स्वाभाविक न्याय का उल्लंघन है।

viii. प्रयोक्ताओं को एचओसीएल के बंद होने के कारण अतिरिक्त लागत उठानी पड़ रही है और एसआई ग्रुप अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित है और अनुचित अतिरिक्त लाभ अर्जित कर रहा है और उसका नुकसान संबद्ध वस्तु के छोटे भारतीय प्रयोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है।

ix. प्राधिकारी ने अपने स्वयं के कुछ अंतिम जाँच परिणामों में यह बताया है कि शुल्क 10 वर्षों के अधिक के लिए जारी नहीं रहना चाहिए।

x. प्रतिवादी दक्षिण अफ्रीकी उत्पादक से संबंधित नहीं है। ऐसी स्थिति में वह दक्षिण अफ्रीकी उत्पादक के असहयोग पर टिप्पणी करने में असमर्थ है।

xi. याचिकाकर्त्ता द्वारा अब डीजीएडी के समक्ष आना नासमझी है जब प्रत्येक पूर्ववर्ती मामले में उसने डीजीएडी द्वारा निर्धारित और वित्त मंत्रालय द्वारा अनुमोदित शुल्क की राशि के विरूद्ध कभी भी अपील नहीं की।

xii. याचिकाकर्त्ता मध्यावधि समीक्षा में पाटनरोधी शुल्क को बढाने के लिए आवेदन नहीं कर पाया। याचिकाकर्त्ता को अब उसकी गलती का मानने और निर्णायक समीक्षा के दौरान दावा करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

इ. 2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए विविध अनुरोध

19. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित विविध अनुरोध किए गए हैं:-

i. जहां तक शुल्क की समाप्ति का संबंध है, यह अनुरोध किया जाता है कि वह अवैध नहीं था। डीजीएडी ने पहले भी विभिन्न मामलों में इसी प्रकार से शुल्कों का समय बढाया है और यह एक संगत प्रक्रिया है। चीन जन.गण. से डाइक्लोफेनाक साडियम, चीनी ताइपेइ से पेंटाइरिथ्राइटोल और अनेक अन्य मामलों में यह नीति अपनाई गई है।

ii. एचओसीएल और एसआई ग्रुप दोनों नुकसान उठा रहें हैं। निर्दिष्ट प्राधिकारी दानों कंपनियों के क्षति संबंधी विवरणों की जाँच कर सकते हैं। किसी भी मामले में निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए दोनो घरेलू उत्पादकों पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जाँच करना अपेक्षित है।

iii. पाटनरोधी शुल्कों के बावजूद, घरेलू उद्योग को किसी न किसी स्रोत से अनुचित प्रतिस्पर्धा से नुकसान हो रहा है। ऐसा वैश्विक बाजार में भारी अधिशेष और वस्तुओं का पाटन करने की वैश्विक उत्पादकों की क्षमता के कारण हुआ है। वर्तमान याचिका पाटनरोधी शुल्क को लागू रखने के लिए है और याचिकाकर्त्ताओं की चिंता देश में उत्पाद के पाटन से संबंधित है। इसके अलावा फेनोल और एसीटोन से संबंधित निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अब तक की गई जाँच में निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रश्नावली के उत्तर के आधार पर अनेक मामलों में पाटन को सिद्ध किया गया है। दूसरे शब्दों में, अनेक मामलों में निर्धारित पाटन मार्जिन वह विभेदकारी कीमत की स्वीकृति थी जिस पर विदेशी उत्पादकों द्वारा वस्तुएं बेची गई थी। इस प्रकार, इन विदेशी उत्पादकों को अपने व्यवहार को स्पष्ट करना चाहिए और प्राधिकारी को भारतीय बाजार में विभेदकारी कीमत पर संबद्ध वस्तु के निर्यात के कारणों के बारे में सूचित करे।

iv. पाटनरोधी कानून अनुचित व्यापार प्रथाओं को हटाने के लिए है और घरेलू उद्योग को समान अवसर वाला बाजार देना है। प्राधिकारी कानूनों के अंतर्गत विहित अपेक्षाओं का पालन करने के बाद ही पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश करते हैं।

v. यदि यह भी माना जाता है कि एचओसीएल का उत्पादन कच्ची सामग्री की अनुपलब्धता के कारण आंशिक रूप से प्रभावित हुआ है, इससे घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रतिकूल कीमत प्रभाव का समाधान नहीं करती है। वास्तव में, कम उत्पादन की स्थिति में कंपनी को उचित कीमत से अधिक पर उत्पाद की बिक्री करने की स्थिति में होना चाहिए। इस प्रकार प्रतिकूल कीमत प्रभाव पाटित आयातों के कारण हुआ है और न कि कम उत्पादन के कारण। इसके अलावा लम्बी अवधि के लिए उत्पाद के पाटन से घरेलू उद्योग नए निवेश के लिए पर्याप्त निधि जुटाने में अक्षम है और यह घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन में समग्र विकृति का प्रधान कारण है।

vi. इंडियन एक्सप्रेस की वही रिपोर्ट जिसका हवाला प्रतिवादियों ने दिया है, में दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से संबद्ध वस्तुओं के भारी मात्रा में आयातों के कारण होने पर चर्चा की गई है।

vii. इसके अलावा, एचओसीएल ने उत्पाद के पाटन में वृद्धि के कारण उत्पादन को रोक दिया जिनकी वजह से उसके वर्तमान प्रचालन बिल्कुल अव्यवहार्य हो गए। एचओसीएल व्यवसाय से पूर्णत: बाहर नहीं हुआ है और उसने केवल उत्पादन रोका है। वस्तुत: इससे घरेलू उद्योग की यह दलील और मजबूत हो जाती है कि देश में उत्पाद के पाटन को घरेलू उद्योग को उचित बाजार की स्थिति प्रदान करने के लिए रोका जाना जरूरी है।

viii. याचिकाकर्त्ता का स्वामित्व और नियंत्रण रसायन और उर्वरक मंत्रालय के पास है और इसलिए कंपनी के मालिक के रूप में रसायन मंत्रालय को सक्षम प्राधिकारी के समक्ष घरेलू उद्योग का मामला रखने का हक है। तथापि, इसे उल्लिखित मामले में माननीय सेस्टेट द्वारा यथा निर्धारित हस्तक्षेप नहीं माना जा सकता है। इसके अलावा, रसायन मंत्रालय के अनुरोध तथ्यों पर आधारित हैं।

ix. सोडियम ट्राइपोली फास्फेट के मामले के तथ्य और परिस्थितियां अलग थीं और वह इस जाँच पर लागू नहीं होती हैं। वर्तमान मामले में एक घरेलू उत्पादक ने अस्थाई रूप से उत्पादन बंद कर दिया है दूसरे शब्दों में एकमात्र घरेलू उत्पादक ने उत्पादन बंद कर दिया है।

x. एचओसीएल ने उत्पादन केवल अस्थाई रूप से रोका है। इसके अलावा यदि एक उत्पादक स्थाई रूप से उत्पादन बंद भी कर देता है तो याचिकाकर्त्ताओं को कानून के अंतर्गत संरक्षण की मांग करने का अधिकार है। केवल पाटनरोधी शुल्क लागू करने का यह अर्थ नहीं है कि कोई कंपनी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित हो गई या उसे अनुचित अतिरिक्त लाभ मिल रहा है। इसके अलावा निर्दिष्ट प्राधिकारी ने कई बार माना है कि

पाटन रोधी शुल्कों को लगाए जाने का सामान्य उद्देश्य पाटन की अनुचित व्यापार, रीतियों द्वारा घरेलू उद्योग को हुई क्षति को समाप्त करना है ताकि भारतीय बाजार में खुली तथा निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा स्थिति पुर्नस्थापित की जा सके, जो कि भारत के सामान्य हित में कि पाटन रोधी उपायों कि आरोपण से संबद्ध देश से आयात में किसी तरह का प्रतिबंध नहीं लगेगा और इसलिए, उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद की उपलब्धता पर भी असर नहीं पड़ेगा।

xi. इस तर्क के संबंध में कि प्रतिवादी दक्षिण अफ्रीकी उत्पादक के असहयोग पर टिप्पणी नहीं कर सकते हैं क्योंकि वह असंबंधित हैं, याचिकाकर्त्ता अनुरोध करता है कि यह मामले से बचना है। तथापि, यह भी नोट किया जाए कि मै. मेरिसोल एकमात्र उत्पादक हैं और वह पूर्ववर्ती जाँचों का हिस्सा रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका से बढते हुए आयातों के बावजूद इसमें उसकी भागीदारी न करना यह दर्शाता है कि वे पाटनरोधी शुल्कों द्वारा या इस स्थिति (मांग-आपूर्ति अंतर) से इस प्रकार से अप्रभावित हैं कि वे उनकी क्षमता का उपयोग शुल्क सहित या शुल्क के बिना किसी भी स्थिति में संबद्ध वस्तु के निर्यात के लिए तैयार है।

xii. केवल इसलिए निर्दिष्ट प्राधिकारी ने इस दावे को पूर्व में स्वीकार नहीं किया है, इसका अर्थ यह नहीं है कि याचिकाकर्ता से प्राधिकारी के समक्ष अपने दावे पर विचार करने का अधिकार खो दिया है। दिल्ली उच्च न्यायालय में पहले ही आठ याचिकाएं हैं जो क्षतिरहित कीमत कानून विरूद्ध भारतीय विनिर्माण क्षेत्र की शिकायतों को स्पष्ट रूप से सिद्ध करता है।

xiii. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग पाटनरोधी शुल्क को बढाने के लिए आवेदन करने में विफल रहा है यह अनुरोध किया जाता है कि निर्णायक समीक्षा में ऐसी कोई जरूरत नहीं होती है।

ड. 3 <u>प्राधिकारी द्वारा जाँच</u>

20. प्राधिकारी ने विविध अनुरोधों की निम्नानुसार जाँच की है:

i. जहां तक हितबद्ध पक्षों की इस दलील का संबंध है कि शुल्क के समाप्त होने के बाद उसकी समीक्षा नहीं की जा सकती है और यह कि इस मामले में शुल्क की अवधि बढाया जाना अवैध है प्राधिकारी नोट करते है कि वर्तमान जाँच को शुल्क के समाप्त होने से पहले शुरू किया गया है। निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआत के पश्चात पाटनरोधी शुल्क का समय बढाना नियम के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा किया गया है जैसा ऐसे सभी मामलों में किया गया है। वित्त मंत्रालय ने अपने हाल के परिपत्र में निम्नानुसार उद्धरित किया है जो शुल्क को जारी रखने के औचित्य को और स्पष्ट करता है:

"इस उपबंध के सरल पठन से यह स्पष्ट है कि निश्चयात्मक/अंतिम पाटनरोधी शुल्क को उसे लगाए जाने की तारीख से पाँच वर्षों की अवधि के लिए ही एकत्रित किया जा सकता है। सामान्यत: सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की धारा 9क की उप-धारा (2) के तहत पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय (डीजीएडी) द्वारा लगाया गया पाटनरोधी शुल्क <u>ऐसे मामलों जिनमें डीजीएडी पाँच वर्ष की अवधि पूरी होने से पहले समीक्षा शुरू कर देते हैं,</u> को छोड़कर अनंतिम शुल्क लागू होने की तारीख से पाँच वर्षों की अवधि के लिए प्रभावी होता है। ऐसे मामलों जिनमें डीजीएडी ने पूर्वोक्त 5 वर्षों के पूरा होने से पहले कोई निर्णायक समीक्षा शुरू नहीं की हो, उनमें पाटनरोधी शुल्क लागू होने की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि के बाद कोई शुल्क संग्रहित नहीं किया जा सकता है।"

ii. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि यह मामला न्यायाधीन है और भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के विचाराधीन है।

iii. इस अनुरोध के संबंध में कि इस बात पर विचार करते हुए कि एसआई ग्रुप में सकारात्मक वृद्धि हुई है, आयात केवल एक उत्पादक को प्रभावित नहीं कर सकते हैं प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमावली में घरेलू उद्योग के क्षति जाँच समग्र रूप से करना अपेक्षित है। एसआई ग्रुप के कार्यनिष्पादन की अलग से जाँच करने पर भी जाँच अवधि के दौरान उसके निष्पादन में विकृति प्रदर्शित होती है।

iv. इस दलील के संबंध में कि पाटनरोधी शुलक लगभग 12 वर्षों से लागू है और आज की तारीख तक घरेलू उद्योग में सुधार का कोई संकेत नहीं है प्राधिकारी नोट करते हैं कि आकड़े दर्शाते हैं कि इस जाँच की क्षति जाँच अवधि के दौरान जाँच अवधि को छोड़कर घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद से भारी लाभ कमा रहा था। अत: हितबद्ध पक्षों का यह तर्क कि घरेलू उद्योग ने सुधार का कोई संकेत नहीं दर्शाया है, गलत है।

v. प्राधिकारी यह भी नोट करते है कि कुछ देशों से फेनोल के आयातों से संबंधित कुछ मध्यावधि समीक्षा जाँचों में प्राधिकारी ने उन मामलों के विभिन्न पहलुओं के वस्तुनिष्ठ आकलन के बाद पाटनरोधी शुल्क को हटाने की सिफारिश की है।

vi. इस अनुरोध के संबंध में कि एचओसीएल को पूर्व में रूग्ण घोषित किया गया है, प्राधिकारी नोट करते है कि एचओसीएल को 2005 से एक रूग्ण कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया गया है। तथापि, उसके बाद इसने लाभ भी कमाया है। तथापि, प्राधिकारी इस तथ्य पर विचार नहीं करते हुए कि क्या एचओसीएल पाटन के लिए अन्य कारकों से हुई क्षति के लिए जिम्मेदार ठहराए

बिना अन्य कारणों की वजह से रूग्ण कंपनी थी। इसके अलावा, प्राधिकारी ने इस बात की भी जाँच की है कि क्या एसआई ग्रुप एकल आधार पर भी क्षति उठा रहा था।

vii. इस तर्क के संबंध में कि एचओसीएल प्रचालन करने में असमर्थ है क्योंकि सृजित आय उत्पादन की बंद पड़ी लाइनों में खपाई जा रहा है, प्राधिकारी ने इस बात की जाँच की है कि क्या एचओसीएल पर प्रतिकूल कीमत प्रभाव पाटित आयातों के कारण है और न कि कम उत्पादन के कारण।

viii. इस दलील के संबंध में कि एचओसीएल बंद पड़ा है और पाटनरोधी शुल्क से संयंत्र को प्रचालित करने में कोई मदद मिलना मुश्किल है प्राधिकारी नोट करते हैं कि एचओसीएल की उत्पादन सुविधाएं कथित रूप से विभिन्न स्रोतों से भारी पाटित आयातों के कारण अस्थाई रूप से बंद हो गई हैं। दूसरा घरेलू उत्पादक अर्थात एसआई ग्रुप उत्पादन कर रहा है और उसे भी क्षति हुई है। पाटनरोधी शुल्क का उद्देश्य अनुचित व्यापार के विरूद्ध समान अवसर वाली स्थिति सुलभ कराना है और घरेलू उद्योग को अपना सुधार करने में सक्षम बनाना है।

ix. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय का प्रभाव प्रयुक्त किया जा रहा है प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के एक संघटक का मालिक और नियंत्रक होने के नाते, रसायन मंत्रालय इस मामले में एक हितबद्ध पक्ष के रूप में अपने विचार प्रस्तुत करने का हकदार है। प्राधिकारी के समक्ष कार्यवाही अर्द्ध-न्यायिक प्रकृति की हैं और उसे कानून के कार्य ढांचे के अंतर्गत उसे प्रस्तुत किए गए सभी वास्तविक तथ्यों पर निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ ढंग से विचार करना होता है।

x. इस तर्क के संबंध में कि प्रयोक्ताओं को एचओसीएल के बंद होने के कारण अतिरिक्त लागत का वहन करना पड़ता है और एसआई ग्रुप अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से सुरक्षित है और वह संबद्ध वस्तु के छोटे भारतीय उत्पादकों की कीमत पर अनुचित अतिरिक्त लाभ कमा रहा है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी कानून का उद्देश्य घरेलू उद्योग को अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा से सुरक्षित करना नहीं है। यह दोहराया तजाता है कि इसका प्रयोजन विदेशी उत्पादकों द्वारा अनुचित व्यापार प्रथाओं के विरूद्ध समान अवसर की स्थिति प्रदान करना है।

xi. इस दलील के संबंध में कि प्राधिकारी ने अपने कुछ अंतिम जाँच परिणामों में यह व्यवस्था दी है कि शुल्क को 10 वर्षो से अधिक के लिए जारी नहीं रखा जाना चाहिए, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यदि क्षतिकारी पाटन जारी रहती है तो वह अप्रासंगकि है।

xii. इस तर्क के संबंध में कि घरेलू उद्योग ने पूर्व में डीजीएडी द्वारा निर्धारित शुल्क की राशि के विरूद्ध कभी अपील नहीं की है और एमटीआर के लिए आवेदन नहीं किया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि इससे घरेलू उद्योग द्वारा शुल्क को जारी रखने के लिए प्राधिकारी को आवेदन करना किसी भी तरह से बाधित नहीं होता है।

ङ. 4 <u>प्रकटन के बाद के अनुरोध</u>

21. अपने-अपने प्रकटन के बाद के अनुरोध में हितबद्ध पक्षों ने अन्य बातों के साथ-साथ अपने पूर्ववर्ती अनुरोधों में जाँच के दौरान अपनाए गए रूख को दोहराया है। संक्षिप्तता की दृष्टि से ऐसे मुद्दों को दोहराया नहीं गया है और पक्षकारों द्वारा किए गए अन्य अनुरोधों को उनके संगत होने की सीमा तक और उनके रिकार्ड में वास्तविक तथ्यों से समर्थित होने पर इस जाँच परिणाम के संगत खंडों में विचार किया गया है।

मै. एग्जिमकॉर्प. द्वारा किए गए प्रकटन के बाद के अनुरोध

22. मै. एग्जिमकॉर्प ने प्रकटन के बाद के अपने अनुरोध में अन्य बातों के साथ-साथ निम्नानुसार तर्क दिया है :

i. निर्दिष्ट प्राधिकारी (डी ए) की गई समीक्षा को समीक्षा की शुरूआत की तारीख से 12 महीने तक की अवधि के भीतर पूरा किया जाएगा । वर्तमान मामले में 12 महीने की यह अवधि 28 अक्टूबर, 2013 को पहले ही बीत गई है । अत: ऐसी समीक्षा को जारी रखना अवैध है ।

ii. यह कि वर्तमान मामले के तथ्यों में ऐसी विशेष परिस्थितियों की मौजूदगी की कोई संभावना नहीं है जिनसे डी ए के लिए अतिरिक्त 6 महीने का समय बढ़ाने का अनुरोध करना पड़े । पाटनरोधी नियमावली के नियम 17(1) के प्रथम परंतुक का कड़ाई से अर्थ लगाना चाहिए और उसका सामान्य प्रक्रिया में उल्लेख नहीं करना चाहिए ।

iii. प्रकटन विवरण स्वाभाविक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करके जारी किया गया है क्योंकि केवल आंशिक प्रकटन में मानी गई सूचना अविश्वसनीय सूचना के आंशिक प्रकटन पर टिप्पणी के लिए सुनवाई के अपर्याप्त अवसर द्वारा की गई है ।

iv. यह कि आयात आंकड़ों से यह पता नहीं चल सकता है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने आयात आंकड़ों की छंटाई कैसे की है और क्या डी जी सी आई एंड एस के साथ परामर्श के बाद दिए गए आंकड़े अपरिष्कृत आयात आंकड़े हैं या छांटे गए आयात आंकड़े हैं ।

v. यह कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने दक्षिण अफ्रीका के लिए सामान्य मूल्य का गलत ढंग से परिकलन करने के लिए अपनाई गई कच्ची सामग्री की कीमतों को उपलब्ध कराया है परंतु निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त तालिका अपर्याप्त है क्योंकि ऐसी तालिका को बनाने के आधार/समर्थक दस्तावेज बताए नहीं गए हैं।

vi. यह ज्ञात नहीं है कि सौदे के निबंधन, मात्रा, एफ ओ बी/ सीआईएफ, ऋण की शर्तें, व्यापार का स्तर संबंधित पक्षकारों के साथ था अथवा नहीं यह सारांश से पता नहीं चलता है। माननीय न्यायाधिकरण द्वारा पहले ही माना गया है और माननीय उच्चतम न्यायालय ने उसे उचित ठहराया है कि अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं से ऐसे अविश्वसनीय आंकड़ों पर भरोसा करना अवैध है।

vii. एग्जिमकार्प ने अन्य भरोसा किए गए दस्तावेजों जैसे सत्यापन रिपोर्ट, सत्यापन रिपोर्ट पर टिप्पणियां, घरेलू उत्पादकों के साथ पत्राचार, प्राधिकारी द्वारा मांगी गई अतिरिक्त/पूरक सूचना और उनके उत्तर के लिए अनुरोध किया है।

viii. एग्जिम कार्प ने बताया है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने सभी विश्वास किए गए दस्तावेजों और साक्ष्यों को उपलब्ध कराके तथा एग्जिम कार्प को उसकी टिप्पणियां प्रस्तुत करने का पर्याप्त अवसर न देकर स्वाभाविक न्याय के सिद्धांतों का पालन नहीं किया है। एग्जिमकार्प निर्दिष्ट प्राधिकारी से आगे की कार्रवाई करने से पहले सुनवाई का पर्याप्त अवसर तथा अपेक्षित दस्तावेजों को उपलब्ध कराने का अनुरोध करती है।

ix. यह कि संधि के दायित्व केवल संधि या ए डी ए से बनने वाले ऐसे किसी नगर पालिका कानून की बाहरी विषय वस्तु के संदर्भ में और उस तक सीमित होते हैं। इस प्रकार निर्यातकों के आंकड़ों को अपने पास रखने का दायित्व केवल गोपनीयता की विषय वस्तु हो सकता है। आयातकों या घरेलू उद्योग के आंकड़े गोपनीयता की विषय वस्तु नहीं हो सकते वह भी इस आधार पर कि घरेलू उद्योग के आंकड़ों का प्रयोग आयातकों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने और लागू करने के लिए किया जाता है और इसलिए उन्हें प्रभावित पक्षकारों से छिपाया नहीं जा सकता है। संक्षेप में डी ए का घरेलू उद्योग पर आयातकों से उसके आंकड़े छिपाने का कोई दायित्व नहीं बनता है। इसके परिणामस्वरूप डी ए पर एनआईपी, पहुंच लागत और क्षति संबंधी आंकड़ों को प्रकाशित करने से कोई प्रतिबंध नहीं है। डी ए पर किसी निर्यातक, जो इस मामले में पूरी तरह अनुपस्थित हो, के आंकड़ों को प्रकाशित करने का प्रतिबंध है। इसलिए प्रकटन के किसी भी भाग को गोपनीय के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है।

x. यह कि डी ए द्वारा जारी प्रकटन विवरण युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि इसमें एग्जिमकार्प द्वारा उठाए गए मुद्दे की जांच नहीं की गई है और दिनांक 19.3.2015 के उसके पत्र के जरिए एग्जिमकार्प द्वारा किए गए अनुरोधों को अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

xi. यह कि संबद्ध उत्पाद को दूसरे उत्पाद- ऐसीटोन के साथ विनिर्मित किया जाता है। दोनों उत्पादों के लिए समान कच्ची सामग्री की जरूरत होती है और समान उत्पादन प्रक्रिया से ये बनते हैं। परिणामस्वरूप एग्जिमकार्प ने निम्नलिखित दो प्रश्न पूछे थे जिन पर निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विचार भी नहीं किया गया है।

क. क्या मूल्यह्रास लागत सहित लागत को केवल संबंधित उत्पाद अर्थात फेनोल के लिए दर्शाया गया है या क्या एसीटोन और फेनोल दोनों की मिलाकर लागत बताई गई है?

ख. क्या एसीटोन की मांग का फेनोल के उत्पादन पर कोई प्रभाव पडता है और क्या फेनोल के उत्पादन में एसीटोन की मांग में बदलाव के साथ बदलाव किया जा सकता है।

xii. यह कि आवेदक घरेलू उत्पादक का कार्य निष्पादन एच ओ सी एल के कोच्ची संयंत्र के बंद होने के कारण प्रभावित हुआ था। तथापि, इस पर प्राधिकारी ने कोई गौर नहीं किया है।

xiii. यह कि निम्नलिखित अनुरोध जिन पर प्राधिकारी ने बिल्कुल भी जांच नहीं की है। यद्यपि, यह प्रकटन विवरण में नोट किया गया है :

क. पाटनरोधी नियमावली के नियम-23 (1 ख) की अपेक्षाओं को "विधिवत रूप से साक्ष्यांकित याचिका" के संबंध में पूरा नहीं किया गया है।

ख. क्षति रहित कीमत के निर्धारण से संबंधित मुद्दे

ग. घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले पुराने जीर्ण शीर्ण संयंत्रों का मुद्दा

घ. कीमत फेनोल के लिए निर्धारक कारक नहीं हैं

ड़. वेतन और मजदूरी तथा विद्युत की खपत में वृद्धि की जाँच

च. इंधन के रूप में एलएनजी के बजाय एलएसएफओ के प्रयोग के परिणामस्वरूप असाधारण व्यय हुए जैसा कि एच ओ सी एल की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है जिसे क्षति रहित कीमत के निर्धारण से बाहर रखा जाना चाहिए।

xiv. यह कि नियोजित पूंजी पर आय सहित क्षति रहित कीमत के निर्धारण के विभिन्न पहलुओं पर बार-बार अनुरोध करने के बावजूद डी ए ने इन मुद्दों का समाधान किए बिना क्षति रहित कीमत के निर्धारण के लिए पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।।। में बताए गए सिद्धांतों को दोहराया है ।

xv. यह कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।।। के पैरा (4) के उप-पैरा (iii) में निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए क्षति रहित कीमत ज्ञात करने हेतु पिछले तीन वर्षों और जांच अवधि के दौरान सर्वोत्तम क्षमता उपयोग पर विचार करना अपेक्षित है । जैसा पहले बताया गया है, पिछले तीन वर्षों में आवेदक घरेलू उद्योग ने 2011-12 में 108.89 प्रतिशत का सर्वोत्तम क्षमता उपयोग प्राप्त किया है। प्रकटन विवरण से यह पता नहीं लगाया जा सकता है कि क्या निर्दिष्ट प्राधिकारी ने क्षति रहित कीमत के निर्धारण के प्रयोजनार्थ क्षति अवधि के दौरान सर्वोत्तम क्षमता उपयोग अर्थात् 108.89 प्रतिशत पर विचा किया है ।

xvi. इसी प्रकार नियमावली के अनुबंध-।।। के पैरा- (4) के उप-पैरा (ix) में भी यह व्यवस्था है कि ब्याज लागत की तर्कसंगतता की जांच करते समय सावधिक ऋणों, नकद ऋण सीमाओं, अल्पावधि ऋणों, कंपनी द्वारा की गई जमाओं और अन्य उधारियों की विस्तार से जांच करना आवश्यक है । यह ज्ञात नहीं है कि क्या निर्दिष्ट प्राधिकारी ने आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा लिए गए ऋणों पर विचार किया है और क्या केवल वही ऋण जो संबद्ध उत्पाद से संबंधित या उसके लिए थे, पर क्षति रहित कीमत के निर्धारण के समय विचार किया गया था ।

xvii. डी ए के लिए क्षति रहित कीमत के निर्धारण के समय कोई कठोर फार्मूला अपनाने की आशा नहीं की जाती है । यदि अन्य कारक मौजूद हैं, जिन्हें डी.ए की जानकारी में लाया गया है तो डी ए के लिए ऐसे कारकों की जांच करना या कम से कम उनके लिए स्पष्टीकरण मांगना अनिवार्य है यदि उस सूचना को अपर्याप्त या अधूरा पाया जाता है । परंतु किसी भी मामले में डी ए हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत अनुरोधों की अनदेखी नहीं कर सकते हैं ।

xviii. डी ए ने भारतीय घरेलू उत्पादक की लागत पर विचार करते हुए दक्षिण अफ्रीका, जो एक बाजार अर्थव्यवस्था है, के लिए सामान्य मूल्य की गणना की है । आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत याचिका से अंधानुकरण करके जिसमें इस तथ्य पर ध्यान नहीं दिया गया कि बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों के लिए घरेलू उद्योग की लागत पर विचार करते हुए सामान्य मूल्य निर्धारित नहीं किया जा सकता है, एक पद्धति अपनाई गई है।

xix. डी ए द्वारा ''सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्य'' का प्रयोग केवल तभी किया जा सकता है, जब ऐसा आवेदन विधिसम्मत रूप से किया गया हो । सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्य प्रचलित कानून को प्रतिस्थापित करने के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकता है । यदि कोई कानून किसी पद्धति विशेष की अनुमति नहीं देता है तो डी ए ऐसे कानूनों को प्रतिस्थापित नहीं कर सकते और उपलब्ध तथ्यों का प्रयोग नहीं कर सकते । इसके मद्देनज़र एग्जिमकोर्प अनुरोध करता है कि सामान्य मूल्य का निर्धारण और परिणामी पाटन मार्जिन अवैध है।

xx. यह कि वर्तमान मामलें में एक वर्ष की अवधि के लिए पाटरोधी शुल्क को बढयाया जाना माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष लम्बित रिट याचिका डब्ल्यू. पी. (सी) 4633/2014 की विषय-वस्तु है। एग्जिमकोर्प यह अनुरोध करता है कि डी ए को उक्त रिट याचिका को निपटाए जाने तक आगे की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए।

xxi. यह कि डी ए ने बताया है कि उन्होंने इस बात की जाँच की है कि क्या एसआई ग्रुप भी एकल आधार पर क्षति उठा रहा था। तथापि, डी ए द्वारा किए गए क्षति विश्लेषण से यह पता लगाना संभव नहीं है कि क्या ऐसी कोई प्रक्रिया वास्तव में की गई अथवा नहीं। यदि डी ए ने वास्तव में यह प्रक्रिया की तो एग्जिमकोर्प अनुरोध करता है कि ऐसी एकल सूचना हितबद्ध पक्षों को भी उपलब्ध कराई जाए।

xxii. यह कि जैसाकि उपर्युक्त से देखा जा सकता है, दक्षिण अफ्रीका के आयात क्षति अवधि के दौरान कुल आयातों का केवल 8-9 प्रतिशत हिस्सा थे। आयातों में वृद्धि मुख्यत: ऐसे देशों से हुई जिनके विरूद्ध जाँच चल रही है या अन्य ऐसे देश जिनकी अब तक जाँच नहीं हुई है। जब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि आयातों में वृद्धि दक्षिण अफ्रीका से इतर देशों से हुई है, तो ऐसे आयातों-जो कुल आयातों का 91-92 प्रतिशत हैं, के प्रभाव के लिए दक्षिण अफ्रीका को अकेले जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

xxiii. यह कि डी ए को अन्य देशों से आयात सहित अन्य कारकों के प्रभाव को अलग करना चाहिए और उसके बाद स्थिति का विश्लेषण करना चाहिए। प्रकटन विवरण में ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है।

xxiv. यह कि अनुच्छेद 11.3 के अंतर्गत किसी संभावना के निर्धारण में उपलब्ध सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर भावी घटनाओं को विश्लेषण शामिल होता है और इसके परिणामस्वरूप केवल पाटन मार्जिन के परिकलन से ही अनुच्छेद 11.3 के अंतर्गत अपेक्षित दायित्क का निर्वहन नहीं हो जाता। प्रकटन विवरण में, जाँच अवधि के बाद के लिए कोई भी जाँच नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में, डी ए द्वारा किया गया संभावना को परीक्षण त्रुटिपूर्ण और अधूरा है इसलिए उसे अस्वीकार किया जा सकता है।

xxv. यह कि डी ए को सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन को केवल रेंड में ही ज्ञात करना चाहिए। इसी प्रकार, डी ए, एनआईपी को केवल भारतीय रुपये में परिकलित करने के लिए दायित्व बाध्य हैं। क्षतिरहित कीमत को भारतीय रुपये से डालर में परिवर्तित करने से क्षतिरहित कीमत बढ़ गई, जिसके परिणामस्वरूप उच्चतर क्षति मार्जिन और परिणामी पाटनरोधी शुल्क लगाया गया।

घरेलू उद्योग के प्रकटन के बाद के अनुरोध

23. घरेलू उद्योग के आधारिक तर्कों/अनुरोधों को निम्नानुसार संक्षेप में बताया गया है:

क. प्राधिकारी का यह मानना सही है कि चूंकि प्रश्नावली का उत्तर देने वाले संबद्ध देश के एकमात्र उत्पादक/निर्यातक ने जाँच से अपना नाम वापस ले लिया है इसलिए प्राधिकारी संबद्ध देश से सामान्य मूल्य का निर्धारण घरेलू उद्योग की याचिका में दी गई सूचना सहित सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संबद्ध देश में सामान्य मूल्य निर्धारित करने के लिए बाध्य है।

ख. प्राधिकारी ने प्रमुख कच्ची सामग्रियों की अंतर्राष्ट्रीय कीमत और बिक्री, सामान्य तथा प्रशासनिक लागतों और लाभ के तर्कसंगत मार्जिन के लिए विधिवत रूप से समायोजित घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत पर विचार करते हुए सामान्य मूल्य के परिकलन का प्रस्ताव किया है जो उपयुक्त है।

ग. प्राधिकारी ने भारत में विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों पर विचार करते हुए निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए डी जी सी आई एंड एस के आंकड़ों पर विचार करने का उपयुक्त प्रस्ताव किया है। दक्षिण अफ्रीका से उत्पादक/निर्यातकों के असहयोग के मद्देनजर आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावों के आधार पर कीमत समायोजन करना सही है।

घ. इस दलील के संबंध में कि घरेलू उद्योग द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय के प्रभाव का प्रयोग किया गया है, यद्यपि, प्राधिकारी ने पहले ही नोट किया है कि घरेलू उद्योग के घटकों में से एक का मालिक और नियंत्रक होने के कारण रसायन मंत्रालय को इस मामले में एक हितबद्ध पक्ष के रूप में अपने विचार रखने का अधिकार है और यह माना है कि प्राधिकारी के समक्ष कार्यवाही अर्धन्यायिक प्रकृति की है और उसमें कानून के कार्यढांचे के भीतर निष्पक्ष और वस्तुनिष्ट ढंग से उनके समक्ष रखे गए सभी वास्तविक तथ्यों पर विचार करना होगा; घरेलू उद्योग यह अनुरोध करता है कि मैटकॉक के कामले में सेस्टेट द्वारा बताए गए ''हस्तक्षेप'' शब्द के अर्थ के भीतर रसायन और पैट्रोरसायन मंत्रालय द्वारा कोई हस्तक्षेप नहीं किया गया है।

ड. एन आई पी के संबंध में एन आई पी के संबंध में घरेलू उद्योग नोट करता है कि निर्धारित क्षतिरहित कीमत काफी कम है और घरेलू उद्योग के संरक्षण के लिए अपर्याप्त है। विशेष रूप से निवल स्थिर परिसंपत्तियां लाभों के निर्धारण का आधार नहीं हो सकते हैं जबकि घरेलू उद्योग द्वारा स्थापित मूल फेनोल-एसीटोन संयंत्र पहले से ही पूर्णत: जीर्ण-क्षीर्ण हो गया है। इसके अलावा, नियम में ऐसे तर्कसंगत लाभ की राशि विहित नहीं की गई है जिस पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को विचार करना चाहिए। संयंत्र के पुराना होने को देखते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी को घरेलू उद्योग के लिए आय के उच्चतर स्तर पर विचार करना चाहिए बिल्कुल नए निवेश को 22 प्रतिशत की आय और 20-50 वर्ष पुराने निवेशों को 22 प्रतिशत आय देने का कोई औचित्य नहीं है।

च. घरेलू उद्योग मै0 एग्जिम कॉर्प इंडिया के सलाहकार द्वारा दिनांक 21 अप्रैल के ई-मेल का संदर्भ देना और निम्नानुसार अनुरोध करना चाहता है:

i. रिट याचिका मै0 सेंचुरी प्लाईबोर्ड द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई है। कंपनी ने निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा की जा रही जांच में भाग नहीं लिया है और अब उच्च न्यायालय के समक्ष रिट याचिका दायर की है।

ii. यद्यपि, निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह स्पष्ट करना है तथापि, याचिकाकर्ताओं ने डी जी सी आई एंड एस द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के साथ प्रकटन विवरण की प्रति जांच की है और यह पाया है कि प्रकटन विवरण में दिए गए आंकड़े डी जी सी आई एंड एस से प्रकाशित आंकड़ों में दिए गए आयात संबंधी आंकड़ों से बिल्कुल समान है जिसका अर्थ है कि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने निर्धारण के लिए डी जी सी आई एंड एस प्रकाशित आंकड़ों को अपनाया है। घरेलू उद्योग ने वर्तमान मामले में निर्दिट प्राधिकारी को सौदावार डी जी सी आई एंड एस आयात आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। अत: हितबद्ध पक्षों को सूचना दिया जाना अपेक्षित नहीं है क्योंकि इस सूचना पर निर्धारण हेतु विचार नहीं किया गया है। तथापि, यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने उनके मेल के उत्तर में कंपनी को कोई सूचना उपलब्ध कराई है तो उसे घरेलू उद्योग को भी कृपया उपलब्ध कराया जाए।

iii. याचिकाकर्ता ने अनुरोध किया है कि एग्जिमकॉर्प ने प्रश्नावली का उत्तर नहीं दिया है। याचिकाकर्ता ने एग्जिमकार्प की ओर से दिया गया अनुरोध पुन: पढ़ा है और यह नहीं पाया है कि कंपनी द्वारा यह सिद्ध किया गया है कि एग्जिमकार्प ने दक्षिण अफ्रीका से विचारधीन उत्पाद का आयात किया है। प्रकटन विवरण में बताया गया है कि एग्जिमकार्प ने प्रश्नावली का उत्तर दिया है। वस्तुत: मौखिक सुनवाई के समय कंपनी ने यह भी बताया कि उनके द्वारा कोई प्रश्नावली प्रस्तुत नहीं की गई है क्योंकि कानूनी मुद्दा उठाने की यह पूर्वापेक्षा नहीं है। अत: यदि कंपनी ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है तो हम प्राधिकारी से पैरा 9 (vi) की समीक्षा करने और उससे उचित ढंग से संशोधित करने का अनुरोध करते हैं। यह इस

तथ्य के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है कि यदि एग्जिमकार्प ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है तो एग्जिमकार्प हितबद्ध पक्ष नहीं है। नियम के अंतर्गत हितबद्ध पक्ष केवल वे पक्ष होते हैं जो संबद्ध देश से उत्पाद के आयातक हों। अन्य देशों से समान उत्पाद का कोई आयातक हितबद्ध पक्ष नहीं होता है। नियम-14 के साथ पठित नियम 2(ग) की परिभाषा से यह बिल्कुल स्पष्ट है कि संबद्ध देशों से आयात विचाराधीन उत्पाद हैं जबकि अन्य देशों से आयात समान वस्तु हैं। इस प्रकार तीसरे देशों से उत्पाद का कोई आयातक नियम 2(ग) के अर्थ के भीतर विचाराधीन उत्पाद का आयातक नहीं है। अत: यदि एग्जिमकार्प संबद्ध देशों से विचाराधीन उत्पाद के आयातक नहीं हैं तो हम प्राधिकारी से प्रकटन विवरण में संशोधन करने और यह स्पष्ट करने का अनुरोध करते हैं कि कंपनी हितबद्ध पक्ष नहीं है परंतु प्राधिकारी द्वारा उनके अनुरोधों पर विचार किया गया है। हम प्राधिकारी से यह स्पष्ट करने का अनुरोध करते हैं कि कंपनी द्वारा एग्जिमकार्प को हितबद्ध पक्ष का दर्जा नहीं दिया गया है।

छ. सत्यापन रिपोर्टों के संबंध में, घरेलू उद्योग को ऐसी कोई रिपोर्ट जारी नहीं की गई है।

ज. एस आई ग्रुप लि. तथा एच ओ सी एल द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकारी से किए गए पत्राचार के संबंध में उसे एन सी वी आधार पर उपलब्ध कराया गया है। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा एस आई ग्रुप लि. और एच ओ सी एल को भेजे गए पत्र के संबंध में इन कंपनियों को निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा ऐसा कोई पत्र नहीं भेजा गया है।

झ. रसायन मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकारी को भेजे गए पत्र के संबंध में हमें ऐसे किसी पत्र की जानकारी नहीं है। तथापि, यदि कोई पत्र भेजा गया है तो उसे सार्वजनिक फाइल में रखा जाए।

ञ. प्रकटन विवरण के पैरा (xv) में बताए गए अनुसार घरेलू उद्योग से क्षति के संबंध में अतिरिक्त/पूरक ब्यौरों के संबंध में याचिकाकर्ता अनुरोध करते हैं कि यह लागत और क्षति संबंधी सूचना के समर्थन में निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रदत्त सूचना है। इस सूचना को जिसे सत्यापन के समय प्राधिकारी ने लिया है, कंपनी का आंतरिक रिकॉर्ड है और इसलिए उसे प्रतिवादी हितबद्ध पक्षों को उपलब्ध नहीं कराया जा सकता है।

ट. पक्षकार द्वारा सूचीबद्ध प्रक्रिया के संबंध में याचिकाकर्ता का अनुरोध है कि इसकी कोई संगतता नहीं है। प्रत्येक मामले में उसकी मैरिट और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करनी होगी जब प्रकटन विवरण में अपनाए गए आयात आंकड़े डी जी सी आई एंड एस द्वारा प्रकाशित आयात आंकड़ों से मिलते-जुलते हैं तो इसका अर्थ है कि एग्जिमकार्प ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध सूचना के साथ प्रकटन विवरण में दी गई सूचना का सत्यापन भी नहीं किया है और प्रक्रियाओं के बारे में यह मान्यता और पूर्व मान्यता आनन-फानन में बना ली है कि जिसका पालन प्राधिकारी ने किया है और प्राधिकारी को पत्र लिखा है। निजी एजेंसियों का संदर्भ दिया गया है जबकि प्रकटन विवरण की सूचना प्रकाशित आंकड़ों के समान है।

ठ. याचिकाकर्ताओं ने दिनांक 23 अप्रैल, 2015 के अपने पत्र का उल्लेख किया है और निम्न प्रश्नों को दोहराया है कि:

i. क्या एग्जिमकार्प या सेंचुरी प्लाईबोर्डस ने आयातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है।

ii. क्या डी जी सी आई एंड एस द्वारा प्रदत्त प्राधिकारी के रिकॉर्ड में उपलब्ध आयात आंकड़े दर्शाते हैं कि एग्जिमकार्प या सेंचुरी प्लाईबोर्ड दक्षिण अफ्रीका से फेनोल के आयातक हैं।

ड. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद, घरेलू उद्योग और उसकी योग्यता तथा क्षति संबंधी अनुरोधों के संबंध में अपने अनुरोधों को दोहराया है। उसने पाटन की संभावना के संबंध में भी अपने अनुरोधों को दोहराया है।

प्रकटन विवरण के पश्चात के अनुरोधों में उठाए गए मुद्दों की जांच

मै0 एग्जिमकार्प द्वारा उठाए गए मुद्दे

24. प्राधिकारी 21 अप्रैल, 2015 को जारी प्रकटन विवरण के उत्तर में हितबद्ध पक्षों द्वारा किए गए अनुरोधों को नोट करते हैं। पक्षों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान निम्नानुसार किया गया है।

i. प्राधिकारी नोट करते हैं कि मै0 एग्जिमकार्प ने विभिन्न समयों पर उनके द्वारा किए गए विभिन्न क्षति संबंधी अनुरोधों को छोड़कर आयातक प्रश्नावली का विस्तार से उत्तर नहीं दिया है। इस पक्ष ने निर्धारणों को उनके द्वारा चुनौती देते समय उनके किसी भी पहलू के संबंध में कोई सकारात्मक साक्ष्य दिए बिना विभिन्न दावे किए हैं। किसी हितबद्ध पक्षकार का जांच से संगत सूचना प्रदान करने का प्राथमिक दायित्व होता है जिसके नहीं होने पर प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका में उपलब्ध सूचना सहित उपलब्ध तथ्यों पर कार्रवाई करने को बाध्य होते हैं। तथापि, स्वाभावित न्याय और उचित प्रतिस्पर्धा की दृष्टि से मै. एग्जिमकार्प द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को रिकॉर्ड में लिया गया है और उनके संगत होने की सीमा तक उनका समाधान किया गया है।

ii. जहां तक निर्णायक समीक्ष जांच को पूरा करने के लिए अवधि को 12 महीनों से अधिक तक बढ़ाने की केन्द्र सरकार की शक्तियों के मुद्दे का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ए डी नियमों के नियम 17(1) के अंतर्गत ऐसे समय विस्तार की शक्ति उपलब्ध है जो ए डी नियमों के नियम 23(3) के अनुसार आवश्यक संशोधनों के साथ निर्णायक समीक्षाओं पर भी लागू होती है। प्राधिकारी यह नोट करते हैं कि कुछ हितबद्ध पक्षों ने इस बात को माननीय उच्च न्यायालय, दिल्ली के समक्ष चुनौती दी है और मामला न्यायाधीन है।

iii. नियम 17(1) में समय विस्तार के मामले में केन्द्र सरकार को स्वविवेक प्रदान किया गया है और उक्त उपबंध में "विशेष परिस्थितियां" अभिव्यक्ति एक प्रशासनिक मामला है जिसमें कुछ को बताएं तो प्रशासनिक तात्कालिकता जैसे मुख्य कार्मिक की उपलब्धता और जांच की जटिलता भी शामिल हो सकती है। इस नियम में प्राधिकारी या सरकार के लिए ऐसी विशेष परिस्थितियों की प्रकृति के बारे में हितबद्ध पक्षों को कारण या स्पष्टीकरण देना अपेक्षित नहीं है।

iv. इस तर्क के संबंध में कि अनिवार्य तथ्यों का केवल आंशिक प्रकटन अपर्याप्त समय रहते किया गया है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय जिसमें सौदावार आयात आंकड़ों के प्रकटन की अनुमति है, पर भरोसा करने के लिए माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष एक उचित अपील दायर करने हेतु जांच चल रही है। इसके होते हुए भी और बिना पूर्वाग्रह के सौदावार आयात आंकड़े हितबद्ध पक्षों को उनके अनुरोध के अनुसार उपलब्ध कराए गए हैं। न तो नियम और न ही माननीय न्यायालय का उक्त निर्णय किसी विशेष तरीके या ढंग से सूचना प्रदान करने का कोई दायित्व डालता है।

v. जहां तक कच्ची सामग्री की कीमत अपनाने का संबंध है, विवरण के रूप में सूचना का स्रोत और अपनाए गए आंकड़े पक्षकारों को उपलब्ध कराए गए थे। हितबद्ध पक्षों ने इस संबंध में कोई सकारात्मक सूचना भी नहीं दी है। अत: किसी अन्य सकारात्मक सूचना के अभाव में पूर्वोक्त आंकड़ों को निर्धारणों के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के रूप में स्वीकार किया गया है। इसलिए इस संबंध में हितबद्ध पक्ष के तर्क व्यवहार्य नहीं हैं।

vi. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि प्राधिकारी को घरेलू उद्योग की सत्यापन रिपोर्ट और उनके साथ समस्त पत्राचार का प्रकटन करना चाहिए था, प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के आंकड़ों का सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है और उसमें वाणिज्यिक रूप से संवेदनशील सूचना शामिल होती है। इसलिए, न तो कोई सत्यापन रिपोर्ट बनाई जाती है और न ही उसे घरेलू उद्योग को बताया जाता है। इसलिए इस रिपोर्ट और उससे संबंधित पत्राचार को बताने का प्रश्न नहीं उठता है।

vii. प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस मामले में एक सार्वजनिक सुनवाई हुई थी और सभी हितबद्ध पक्षों को उनके विचार प्रस्तुत करने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया था। अत: यह तर्क कि हितबद्ध पक्षों को सुनवाई का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया, सही नहीं है।

viii. पक्षकार द्वारा एक विचित्र तर्क यह दिया गया है कि केवल निर्यातक के आंकड़े गोपनीयता की विषय-वस्तु हैं और केवल इस वजह से कि घरेलू उद्योग के आंकड़ों का प्रयोग पाटनरोधी शुल्क लगाने के लिए किया जाता है, घरेलू उद्योग को गोपनीयता का ऐसा संरक्षण उपलब्ध नहीं है। यह तर्क कानून के किसी प्रावधान द्वारा समर्थित नहीं है और इसलिए विचारणीय नहीं है।

ix. जहां तक हितबद्ध पक्ष के इस तर्क का संबंध है कि घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत के निर्धारण के लिए उत्पादन लागत के विभिन्न तत्वों के संबंध में विभिन्न मुद्दों के बारे में हितबद्ध पक्षों के अनुरोधों का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि लागत और एन आई पी का निर्धारण नियमों में निर्धारित सिद्धांत और प्रक्रिया के अनुसार किया जाता है और लागत तथा क्षमता उपयोग आदि के विभिन्न पहलुओं से संबंधित ऐसे सभी मुद्दों पर जांच की प्रक्रिया के दौरान लागत तथा एन आई पी के निर्धारण के समय विचार किया गया है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के प्रत्येक घटक के लिए क्षतिरहित कीमत ज्ञात करने की दृष्टि से पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।।। के अनुसार क्षति अवधि के दौरान प्राप्त संबंधित सर्वोत्तम क्षमता उपयोग पर विचार किया गया है और यह पद्धति इकाई के बंद होने या उससे संबंधित लागत के कारण घरेलू उद्योग द्वारा उठाई गई क्षति, यदि काई हो, को स्वत: ही समाप्त कर देती है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि क्षति रहित कीमत के निर्धारण के लिए केवल फेनाल की लागत पर विचार किया गया है।

x. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान भारत में फेनोल और एसीटोन की मांग घरेलू उद्योग के लिए घरेलू बाजार में उसके पूरे उत्पादन को बेचने के लिए पर्याप्त थी। अत/ प्राधिकारी मानते हैं कि एसीटोन की मांग का घरेलू उद्योग के फेनोल के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

xi. निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा किया गया निर्धारण विभिन्न हितबद्ध पक्षों द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत किए गए सभी वास्तविक तथ्यों और तर्कों पर विचार करते हुए एक तकनीकी निर्धारण है। कानून के अंतर्गत निर्धारण के लिए ऐसे प्रत्येक तर्क का समाधान और उसे रिकॉर्ड करना न तो व्यवहार्य है और न ही अपेक्षित है। अत: एग्जिमकार्प का यह तर्क कि उनके सभी तर्कों और अनुरोधों पर अलग-अलग ध्यान नहीं दिया गया है, व्यवहार्य नहीं है।

xii. जहां तक सामान्य मूल्य के निर्धारण का संबध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम के देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत तथा उसमें प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागतों और लाभ के लिए समायोजन के साथ के आधार पर धारा 9 क(1)(ग)(ii)(ख) के दूसरे परंतु के अनुसार किया गया है। तथापि, संबद्ध देश में निर्यातक जो संबद्ध वस्तुओं की उत्पादन लागत का ब्यौरा उपलब्ध करा सकता था, से सहयोग के अभाव में प्राधिकारी के पास उपलब्ध सर्वोत्तम तथ्य विधिवत रूप से समायोजित घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत का अनुमान है। सर्वोत्तम तथ्यों को अपनाने का सिद्धांत ए डी ए के अनुबंध-II में दिया गया है और उसमें स्पष्ट व्यवस्था है कि यदि तर्कसंगत अवधि के भीतर हितबद्ध पक्ष द्वारा सूचना नहीं दी जाती है तो प्राधिकारी घरेलू उद्योग द्वारा जांच की शुरूआत के लिए आवेदन में दी गई सूचना सहित उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्धारण कर सकते हैं। अत: पक्षकार के तर्क व्यवहार्य नहीं हैं।

xiii. जहां तक एस आई ग्रुप को हुई क्षति की अलग से जांच करने का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि नियमों में घरेलू उद्योग की क्षति की समग्र रूप से और न कि घरेलू उद्योग के किसी अलग घटक के तौर पर जांच किया जाना अपेक्षित है। तथापि, इस मामले की विचित्र प्रकृति जिसमें जांच अवधि के दौरान कतिपय अवधि के लिए एक संघटक बंद हो गया था, को ध्यान में रखते हुए संभव सीमा तक दूसरे घटक के कतिपय मापदंडों की अलग से भी जांच की गई है और संगत पाई गई सीमा तक जांच परिणामों में उसे दर्शाया गया है।

xiv. जहां तक अन्य देशों से आयातों की तुलना में कुल आयातों में दक्षिण अफ्रीका के हिस्से और गैर-जिम्मेदारी विश्लेषण के संबंध में एग्जिमकार्प द्वारा उठाए गए मुद्दे का संबंध है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि प्रकटन में स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि आयातों में अधिक हिस्से वाले अन्य देशों से आयात भी कथित पाटन के प्रथमदृष्टया साक्ष्य के साथ पाटनरोधी जांच के अधीन हैं। अत: घरेलू उद्योग को हुई वर्तमान क्षति ऐसे सभी स्रोतों से पाटित आयातों के संचयी प्रभाव के कारण हुई पाई गई है।

xv. संबद्ध देश से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति की मौजूदगी को देखते हुए वर्तमान जांच में इस प्रश्न का परीक्षण किए जाने की अपेक्षा कि क्या यदि शुल्कों को हटाया जाता है तो पाटन के जारी रहने की संभावना है और क्या घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने की संभावना है। मामले के वास्तविक ताने-बाने में जहां पाटित आयात अनेक स्रोतों से देश में प्रवेश कर रहे हैं, इसकी सर्वाधिक संभावना है कि संबद्ध देश भी यदि शुल्क हटाया जाता है तो अपने बाजार को बनाए रखने के लिए भारत में पाटन जारी रखेगा और ऐसी किसी स्थिति में घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति होना जारी रहेगा।

xvi. जहां तक सामान्य मूल्य और एन आई पी के निर्धारण की मुद्रा संबंधी तर्क का संबंध है, नियमों में तुलना के प्रयोजनार्थ घरेलू और निर्यात सौदों को एक मुद्रा में परिवर्तित करने का स्पष्ट प्रावधान है और ऐसा परिवर्तन बिक्री की तारीख को विनिमय की दर का प्रयोग करके किया जाना चाहिए और चूंकि शुल्क को पाटन और क्षति मार्जिन में से कमतर के रूप में लागू किया जाता है, इसलिए तुलना के प्रयोजनार्थ क्षति मार्जिन को भी उसी मुद्रा में परिवर्तित करना अपेक्षित है। अत: न तो भारतीय पाटनरोधी कानून और न ही पाटनरोधी करार के संबंध में निर्धारण में कोई विसंगति हुई है। इसलिए हितबद्ध पक्षों के तर्क व्यवहार्य नहीं हैं।

<u>घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दे</u>

25. घरेलू उद्योग ने प्रकटन के बाद के अपने अनुरोधों में वर्तमान जांच के संबंध में अपनी स्थिति को दोहराया है। प्रकटन के बाद के अपने अनुरोधों में घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए विशिष्ट मुद्दों का निम्नानुसार समाधान किया गया है :

i. इस दलील के संबंध में कि निर्धारित क्षति रहित कीमत काफी कम है और घरेलू उद्योग के संरक्षण में अपर्याप्त है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एन आई पी को प्राधिकारी की संगत प्रक्रिया तथा नियमों में निर्धारित सिद्धांतों के अनुसार निर्धारित किया जाता है।

ii. घरेलू उद्योग के इस तर्क के संबंध में कि मै. एग्जिमकार्प इंडिया को इस जांच में हितबद्ध पक्ष का दर्जा नहीं दिया जा सकता है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि एग्जिमकार्प द्वारा दिए गए अनुरोधों को रिकॉर्ड में रखा गया है और स्वाभाविक न्याय तथा उचित प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए और नियम 2(ग) के अर्थ के भीतर उन्हें हितबद्ध पक्ष माने बिना उनके कानूनी तर्कों का समाधान किया गया है।

iii. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सेंचुरी प्लाई बोर्ड ने प्रश्नावली का कोई उत्तर नहीं दिया है। यद्यपि, आयात आंकड़े दर्शाते हैं कि जांच अवधि के दौरान उन्होंने वस्तुओं का आयात किया है।

26. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि मै. सेंचुरी प्लाई बोर्ड इंडिया प्रा. लि. ने दिनांक 23 अप्रैल, 2015 के एक पत्र द्वारा यह बताया है कि उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मामले में एक रिट याचिका दायर की है जिसमें समीक्षा अवधि को बढ़ाने को चुनौती दी गई है। उन्होंने यह तर्क भी दिया है कि पूर्ववर्ती मध्यावधि समीक्षा में उन्हें एक हितबद्ध पक्ष माना गया था परंतु इस जांच में सार्वजनिक सुनवाई के

लिए उन्हें हितबद्ध पक्ष नहीं माना गया है । इस संबंध में प्राधिकारी नोट करते हैं कि निर्णायक समीक्षा की शुरूआत को भारत के राजपत्र के जरिए अधिसूचित किया गया था और वह इस मामले में पर्याप्त हित वाले पक्षों के लिए प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत करने और हितबद्ध पक्ष के रूप में स्वयं को अभिज्ञात करने के लिए सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध थी परंतु यह कंपनी ऐसा करने में विफल रही । अत: उनके द्वारा दायर रिट याचिका से किसी पूर्वाग्रह के बिना इस स्तर पर इस जांच में उन्हें हितबद्ध पक्ष नही माना जा सकता है ।

च. वर्तमान पाटन का आकलन; सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन निर्धारित करने की पद्धति

च.1 <u>उत्पादकों/आयातकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षों के अनुरोध</u>

27. संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के पाटन मार्जिन और पाटन के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने के निर्धारण के लिए याचिकाकर्त्ता द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्यों के संबंध में उत्पादकों/आयातकों/निर्यातकों और अन्य हितबद्ध पक्षों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. याचिकाकर्त्ता पाटन का कोई साक्ष्य देने में विफल रहे हैं। याचिकाकर्त्ताओं द्वारा दिया गया एक बीजक दक्षिण अफ्रीका में बिक्री कीमत को नहीं दर्शा सकता है। आयातों में वृद्धि दक्षिण अफ्रीका से नहीं बल्कि अन्य देशों जैसे यूएसए और ताइवान से हुई वृद्धि है।

ii. प्रत्येक समायोजन के संबंध में याचिका में प्रस्तुत आकड़े केवल संगत साक्ष्यों द्वारा असाक्ष्यांकित दावे हैं जिनपर प्रथम दृष्टया रूप से भी भरोसा नहीं किया जा सकता है।

iii. याचिका में पाटन की पुनरावृत्ति के संबंध में कोई औचित्य नहीं बताया गया है क्योंकि जाँच के बाद की अवधि के लिए कोई सूचना नहीं है।

च.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

28. याचिकाकर्त्ताओं ने अपनी याचिका और तत्पश्चात के अनुरोधों के बताया हैं :

i. यह कि वे संबद्ध देश के घरेलू बाजार में संबद्ध वस्तु की कीमत की कोई सूचना/साक्ष्य प्रस्तुत करने में असमर्थ रहे हैं। अत: उन्होंने संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य का अनुमान विधिवत् रूप से समायोजित उत्पादन लागत के सर्वोत्तम अनुमानों के आधार पर लगाया है। प्रमुख कच्ची सामग्री अर्थात बेंजीन की लागत पर प्लेट्स की रिपोर्ट के अनुसार विचार किया गया है और अन्य कच्ची सामग्रियों की लागत को उस पर उपलब्ध परिवर्तन लागत के रूप में सर्वोत्तम अनुमान के रूप में याचिकाकर्त्ता की लागत के तौर पर लिया गया है।

ii. यह कि निर्यात कीमत का निर्धारण सीआईएफ स्तर पर परिकलित विचाराधीन उत्पाद की भारित औसत आयात कीमत के रूप में किया गया है। निर्यात कीमत को (क) समुद्री भाड़े (ख) समुद्री बीमा (ग)कमीशन (घ) पत्तन व्यय (ड़) अंतर्देशीय भाड़े और (च) बैंक के कमीशन के लिए समायोजित किया गया है।

iii. इस तर्क के उत्तर में कि घरेलू उद्योग ने पाटन का कोई साक्ष्य नहीं दिया है और केवल एक बीजक जो दक्षिण अफ्रीका में बिक्री कीमत को दर्शाने में अक्षम है याचिकाकर्त्ता ने बताया है कि घरेलू उद्योग होने के कारण उसके पास अधिकतम एक या दो बीजकों तक पहुंच है। <u>दक्षिण अफ्रीका के निर्यातक को प्राधिकारी द्वारा विहित ढ्ग और तरीके से संगत सूचना प्रस्तुत करनी चाहिए। यदि निर्यातक ने असहयोग करना पसंद किया है तो नियम 6(8) में स्पष्टत: अपेक्षित है कि प्राधिकारी सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के अनुसार कार्यवाही करनी चाहिए।</u>

iv. इस तर्क के संबंध में कि निर्यात कीमत के संबंध में दावा किए गए समायोजन मनमाना और समर्थक दस्तावेजों के बिना है, याचिकाकर्त्ता ने बताया है कि समायोजनों का दावा याचिकाकर्त्ताओं के अनुभव पर आधारित है। प्राधिकारी निर्यातक के असहयोग के मद्देनज़र सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना को लागू कर सकते हैं। निर्यातक ने दुर्भावना से वर्तमान जाँच में उत्तर नहीं दिया है, क्योंकि निर्यातक को पता था कि आंकड़ों से भारी पाटन प्रदर्शित हो सकता था जो संभवत: याचिका में दावा की गई मात्रा से उच्चतर होता।

v. इस तर्क के संबंध में कि पाटन मार्जिन, सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत अविश्वसनीय है यह अनुरोध किया जाता है कि याचिकाकर्त्ताओं ने अनेक मामलों में प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किए गए आधार पर सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन का अनुमान लगाया है। इस संबंध में पर्याप्त प्रकटन याचिका के अगोपनीय अंश में किया गया है।

vi. इस तर्क के उत्तर में कि दक्षिण अफ्रीका से तीसरे देशों को निर्यात कीमत के संबंध में साक्ष्य का अभाव है और इसलिए पाटन मार्जिन और सामान्य मूल्य अनुमानित हैं और इसके अलावा तीसरे देशों के लिए निर्यात कीमत के साथ तुलना गलत है यह

अनुरोध किया जाता है कि दक्षिण अफ्रीका से तीसरे देशों को विचाराधीन उत्पाद के निर्यातों के संबंध में पाटन मार्जिन का स्पष्ट साक्ष्य है। इस प्रयोजनार्थ याचिकाकर्ता दक्षिण अफ्रीका से तीसरे देशों को निर्यात की जा रही वस्तुओं की कीमत के साक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम रहे हैं। इस निर्यात कीमत के आधार पर और सामान्य मूल्य के अनुमानों पर विचार करते हुए, याचिकाकर्त्ताओं ने तीसरे देशों को हुए इन आयातों में पाटन मार्जिन को निर्धारित किया है। यह देखा जाएगा कि पाटन मार्जिन जाँच अवधि के दौरान और उसके बाद काफी अधिक रहा है।

च.3 प्राधिकारी द्वारा जाँच

29. हितबद्ध पक्षों ने यह तर्क दिया है कि याचिकाकर्त्ता निर्णायक समीक्षा जाँच की शुरूआतके लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय पाटन मार्जिन के अनुमान के लिए संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु के सामान्य मूल्य का कोई साक्ष्य देने में असमर्थ रहे हैं। प्राधिकारी नोट करते हैं कि याचिकाकर्ताओं ने सामान्य मूल्य के साक्ष्य के रूप में दक्षिण अफ्रीका में घरेलू बाजार में कतिपय बीजक प्रस्तुत किए हैं। किसी अन्य विश्वसनीय साक्ष्य के अभाव में इस सूचना को जाँच की शुरूआत के लिए सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के रूप में स्वीकार किया गया है।

30. प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि दक्षिण अफ्रीका में एकमात्र ज्ञात उत्पादक/निर्यातक ने आरंभिक प्रश्नावली के उत्तर के बाद जाँच से स्वयं को हटा लिया है। इसलिए, प्राधिकारी दक्षिण अफ्रीका में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए निम्नानुसार कार्यवाही करते हैं:

च.4 सामान्य मूल्य का निर्धारण

31. चूंकि संबद्ध देश का एकमात्र उत्पादक/निर्यातक जिसने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया था, जाँच से हट गया है इसलिए प्राधिकारी घरेलू उद्योग की याचिका में दी गई सूचना सहित सर्वोत्तम उपलब्ध तथ्यों के आधार पर संबद्ध देश में सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए बाध्य हैं। प्राधिकारी प्रमुख कच्ची सामग्री अर्थात बेंजीन की अंतर्राष्ट्रीय कीमत और कुशल घरेलू उत्पादक की उत्पादन लागत जिसे बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक लागतों और लाभ के तर्कसंगत मार्जिन को शामिल करते हुए समायोजित किया गया है पर विचार करते हुए सामान्य मूल्य का परिकलन करने का प्रस्ताव करते हैं। इस प्रकार निर्धारित भारित औसत सामान्य मूल्य निम्नानुसार है:

कच्ची सामग्री की लागत अम.डा./मी.ट.	परिवर्तन लागत अम.डा./मी.ट.	कुल लागत अम.डा./मी.ट.	लाभ मार्जिन @ 5% अम.डा./मी.ट.	सामान्य मूल्य अम.डा./मी.ट.
****	****	****	****	****

च.5 उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण

32. चूंकि एकमात्र उत्पादक/निर्यातक जिसने निर्यातक प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है, तत्पश्चात जाँच से हट गया है। प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(8) के अनुसार सर्वोत्तम उपलब्ध सूचना के आधार पर दक्षिण अफ्रीका के आयातों के संबंध में निर्यात कीमत का निर्धारण किया है। निर्दिष्ट प्राधिकारी भारत में विचाराधीन उत्पाद के सभी आयातों पर विचार करते हुए निर्यात कीमत के निर्धारण के लिए डीजीसीआईएण्डएस से प्राप्त आंकड़ों पर विचार करने का प्रस्ताव करते हैं। दक्षिण अफ्रीका से उत्पादकों/निर्यातकों से असहयोग को देखते हुए आवेदक घरेलू उद्योग द्वारा किए गए दावों के आधार पर कीमत समायोजन किए गए हैं। इस प्रकार कारखाना द्वार स्तर पर निर्धाति निर्यात कीमत निम्नानुसार है:

डीजीसीआईएण्डएस के अनुसार आयात मात्रा (मी.ट.)	मूल्य लाख रू. में	सीआईएफ कीमत रू./मी.ट.	समायोजन रू./मी.ट.	निवल कारखाना द्वार कीमत रू./मी.ट.	निवल कारखाना द्वार निर्यात कीमत अम.डा./मी.ट.
14033	9922	70,704	6,654	64,050	1173

च.6 पाटन मार्जिन

33. उक्त तरीके से निर्धारित किए जाने के लिए प्रस्तावित परिकलित सामान्य मूल्य और कारखाना द्वार निर्यात कीमत की तुलना से संबद्ध देश में उत्पादकों/निर्यातकों के लिए प्रस्तावित पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

क्र. स.	उत्पादक	निर्यातक	सामान्य मूल्य	निवल निर्यात कीमत अम.डा./मी.ट.	पाटन मार्जिन अम.डा./मी.ट.	पाटन मार्जिन %	पाटन मार्जिन % रेंज

1	सभी उत्पादक	सभी निर्यातक	****	1173	****	****	40-50

34. इस प्रकार निर्धारित पाटन मार्जिन निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक और पर्याप्त है।

छ. क्षति और कारणात्मक संबध का निर्धारण

छ.1 <u>घरेलू उद्योग से इतर हितबद्ध पक्षों के अनुरोध</u>

35. अन्य हितबद्ध पक्षों ने घरेलू उद्योग के क्षति और कारणात्मक संबंध के दावों और क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना के मुद्दे के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं

i. यद्यपि एचओसीएल एक पास लगातार संरक्षण है और वह स्थिर है तथापि दूसरा घरेलू उत्पादक अर्थात् एसआई ग्रुप उसी अवधि के दौरान बेहतर कार्य निष्पादन में सक्षम रहा है जबकि दोनों के लिए बाजार में प्रतिस्पर्धा की स्थिति समान रही है। इस प्रकार बाजार की दशाओं से इतर कोई अन्य कारक है जिसकी वजह से एचओसीएल के उत्पादन में गिरावट आई है और उसके लिए दक्षिण अफ्रीका से आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए।

ii. ताइवान और यूएसए से आयात दक्षिण अफ्रीका से आयातों से अधिक हानिकारक हैं। इसके अलावा यूएसए और ताइवान से आयातों में 2012 से पाटनरोधी शुल्क हटाये जाने के बाद भारी वृद्धि हुई है। उसी अवधि के दौरान ही आवेदक के कार्य निष्पादन में गिरावट आई है।

iii. उत्पाद की कीमत संवेदनशीलता कोई निर्धारक कारक नहीं है और इसलिए कीमत कटौती का विश्लेषण सही स्थिति नहीं दर्शा सकता है। भारत में फेनोल के बाजार उतार चढाव कीमतों से प्रभावित नहीं होते हैं। ताइवान और यूएसए से आयातों का पूरी अवधि के दौरान दक्षिण अफ्रीका से आयातों से अधिक मूल्य रहा है। कीमत कटौती की रेंज और याचिकाकर्त्ता द्वारा प्रदत्त लाभों के बीच कोई संबंध नहीं है।

iv. 2009-10 से जाँच अवधि तक दक्षिण अफ्रीका से आयातों में कमी के आलोक में घरेलू उद्योग के लाभों में कमी और दक्षिण अफ्रीका से आयातों के बीच कोई कारणात्मक संबंध नहीं है।

v. संबद्ध देश से आयातों के अलावा ऐसे अन्य कारक हैं जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है:

क. घरेलू उद्योग के लाभों और संबद्ध देश से आयातों के बीच कोई संबंध नहीं है।

ख. एचओसीएल कोच्ची संयंत्र में अपने बर्नर में इंधन के रूप में एलएसएफओ के प्रयोग के कारण असामान्य और असाधारण उच्च लागत का वहन कर रहा है।

ग. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मजदूरी और रोजगार में वृद्धि हुई है।

घ. एचओसीएल के सामने आ रही आंतरिक समस्याएं।

vi. संबद्ध वस्तु के आयात भारत में कीमतों को प्रभावित नहीं कर रहे हैं। यह इस तथ्य को देखते हुए है कि 2010-11 में घरेलू उद्योग 86 प्रतिशत से अधिक के आरओसीई के साथ वस्तुओं को बेच रहा था और दक्षिण अफ्रीका सहित अनेक देशों पर पाटनरोधी शुल्क जारी थे।

vii. दक्षिण अफ्रीका से संबद्ध वस्तु पर पाटनरोधी शुल्कों को जारी रखने से प्रतिस्पर्धा बाधित होगी और उपभोक्ताओं पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

viii. याचिकाकर्ताओं को समान वस्तु और उनके द्वारा उत्पादित अन्य उत्पादों के बीच उनके आकड़ों को पृथक करने में अपनाई गई पद्धति उपलब्ध करानी ही चाहिए।

ix. दक्षिण अफ्रीका ये आयात में 3 प्रतिशत की वृद्धि उसी अवधि के दौरान याचिकाकर्त्ता के गंवाए गए 9 प्रतिशत की भरपाई नहीं कर सकती है।

x. उत्पादन के प्रतिशत के रूप में आयात उत्पादन को कम कर देंगे जो याचिकाकर्ता के आंतरिक कारण से हो सकता है। आयातों ने मांग की दृष्टि से वृद्धि नहीं हुई है खपत के प्रतिशत के रूप में आयात 2010-11 से समान रहे हैं।

xi. पुराने संयंत्र के कारण स्थिर लागतें अधिक हैं। इस प्रकार अपनी लागत कम करने में याचिकाकर्ता की अक्षमता के कारण पहुंच मूल्य कम है। याचिकाकर्ता की लागत में तेजी से वृद्धि से याचिकाकर्ता के लाभों पर परवर्ती प्रभाव पड़ा है।

xii. याचिकाकर्ताओं को उत्पादन लागत में तेजी से वृद्धि के कारण अवश्य बताने चाहिएं। पाटनरोधी शुल्क याचिकाकर्ता की स्थिति में सुधार नहीं कर सकते हैं।

xiii. यह संभव नहीं है कि आयात एक घरेलू उत्पादक को पूर्ण क्षमता उपयोग पर कार्य करने दें और दूसरे उत्पादक को उनसे नुकसान हो। डीजीएडी से दोनों उत्पादकों की अलग-अलग जाँच करने का अनुरोध किया जाता है।

xiv. जाँच अवधि के बाद के आंकड़े अत्यधिक छुपाई गई सूचना के कारण अविश्वसनीय है। तार्किक रूप से संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में 1 प्रतिशत की वृद्धि के परिणामस्वरूप याचिकाकर्ता 8 प्रतिशत बाजार हिस्सा नहीं गंवा सकता है। याचिकाकर्ता ने अन्य देशों से आयातों और कुल बाजार हिस्से में उनके हिस्से में वृद्धि के बारे में नहीं बताया है।

xv. यह स्पष्ट नहीं है कि बिक्री, लाभ और उत्पादन में कमी एचओसीएल और एसआई ग्रुप दोनों के लिए है या केवल एचओसीएल के लिए।

xvi. एचओसीएल ने अपनी वार्षिक और वित्तीय रिपोर्टों में स्वयं ऐसे अनेक कारण बताएं हैं जिनकी वजह से वे अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पायें हैं। इनमें मूल्यह्रास वाले संयंत्र, निवल मूल्य में कमी आदि शामिल हैं।

xvii. याचिकाकर्त्ता की स्वीकारोक्ति के अनुसार पाटनरोधी शुल्क की अधिकमत संभव राशि के बाद भी पुराने संयंत्रों की यह सतत समस्या है, निवल मूल्य में कमी होती रहेगी। उस मामले में, शुल्क लगाने का अर्थ केवल यही होगा कि याचिकाकर्ता की अकुशलता के लिए उपभोक्ताओं को अनुचित उच्चतर कीमत देने के लिए बाध्य किया जाए।

छ.2 <u>घरेलू उद्योग के अनुरोध</u>

36.क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. संबद्ध देश से विचाराधीन उत्पाद का निरंतर पाटन हो रहा है।

ii. पूरी क्षति अवधि के दौरान मांग में निरंतर वृद्धि हुई है।

iii. विचाराधीन उत्पाद के आयातों में पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद इस अवधि में समग्र रूप से भारी वृद्धि हुई है।

iv. आयातों में इन स्रोतों, जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है, से वृद्धि हुई है। इसके अलावा, कम शुल्क वाले स्रोतों से भी वृद्धि काफी अधिक है जबकि ऐसे देशों जिनमें पाटनरोधी शुल्क है, से आयातों में गिरावट आई है। इससे स्पष्टतया सिद्ध होता है कि उपभोक्ता ऐसे स्रोतों को तलाश रहे हैं जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू नहीं है और वैश्विक उत्पादकों के पास भारी अप्रयुक्त क्षमताएं हैं और इसलिए वे इस अवसर का लाभ उठाकर पाटन शुरू करना चाहते हैं।

v. संबद्ध देश से आयात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती कर रहे हैं। पूरी क्षति अवधि के दौरान भारी कीमत कटौती देखी गई है।

vi. यद्यपि, घरेलू उद्योग 2011-12 तक लाभ अर्जित करने में सक्षम रहा, परंतु आयातों से घरेलू उद्योग की कीमतों पर भारी न्यूनकारी प्रभाव पड़ा था जिससे घरेलू उद्योग को काफी वित्तीय घाटे होने शुरू हो गए हैं।

vii. घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन में काफी अधिक स्तर तक उत्पादन, बिक्रियों, क्षमता उपयोग, बाजार हिस्से, लाभ और निवेश पर आय तथा नकद लाभ की दृष्टि से विकृति आई है। .

viii. घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का पूरा उपयोग करने से वंचित हो गया है।

ix. संबद्ध देश से आयातों में समग्र रूप से वृद्धि हुई है जिससे घरेलू उद्योग की बिक्रियों पर रोक लगी है।

x. संबद्ध देश का बाजार हिस्सा पूरी क्षति अवधि के दौरान काफी अधिक रहा है। तथापि, घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई है।

xi. संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटनरोधी शुल्क समाप्त किए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती होगी।

xii. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता और परिणामस्वरूप निवेश पर आय तथा नकद लाभ की स्थिति बिगड़ी है।

xiii. आयात अब भी पाटित कीमतों पर हो रहे हैं। इस प्रकार पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद ऐसी स्थिति की मौजूदगी क्षति की संभावना की ओर स्पष्ट संकेत करती है।

xiv. घरेलू उद्योग को संबद्ध वस्तु के पाटन से निरंतर क्षति हो रही है। तथापि यह मानने का कोई कारण या औचित्य नहीं है कि शुलक के समाप्त होने से उच्चतर स्तर पर पाटन में वृद्धि नहीं होगी या वे जारी नहीं रहेंगे जिसके परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग को क्षति नहीं होगी।

xv. जहां तक इस तर्क का संबंध है कि एस आई ग्रुप में सुधार हो रहा है जबकि एच ओ सी एल स्थिर है। यह बताया गया है कि एच ओ सी एल और एस आई ग्रुप दोनों को नुकसान हो रहा है, निर्दिष्ट प्राधिकारी दोनों कंपनियों के क्षति विवरण की जांच कर सकते हैं। किसी भी तरह से निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए दोनों कंपनियों पर प्रत्यक्ष रूप से विचार करते हुए घरेलू उद्योग की क्षति की जांच करना अपेक्षित है।

xvi. इस दलील के संबंध में कि आयातों की मात्रा में अन्य देशों से और न कि दक्षिण अफ्रीका से वृद्धि हुई है, यह अनुरोध किया जाता है कि दक्षिण अफ्रीका से आयात 8000 मी.ट. से बढ़कर 19000 मी.ट. हो गए हैं। यह वृद्धि 100% से अधिक की है। इसके अलावा, यह बताना भी संगत है कि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है और पाटनरोधी शुल्कों की मौजूदगी के बावजूद आयातों की वर्तमान मात्रा रही है।

xvii. इस दलील के संबंध में कि बाजार में फेनोल के लिए कीमत निर्धारक नहीं होती है। यह बताया गया है कि इस संबंध में यह काफी आश्चर्यजनक है कि हितबद्ध पक्ष यह तर्क दे रहा है कि आयातों का 8 प्रतिशत कम आयात है जबकि कानून किसी देश से 3 प्रतिशत आयातों को घरेलू उद्योग को क्षति होने के लिए पर्याप्त मानता है। हितबद्ध पक्ष आयातों के 8 प्रतिशत होने को कम आयात मानने का तर्क दे रहे हैं और वह भी निर्णायक समीक्षा जांच में जबकि संबद्ध देश से आयातित वस्तु पर पहले से शुल्क लागू है।यह बताया जाता है कि संबद्ध देश से पाटित आयात पाटनरोधी शुल्क के बावजूद जांच अवधि के बाद और बढ़ गए हैं। संबद्ध आयात घरेलू उद्योग की कीमतों में कटौती और उन्हें कम कर रहे हैं जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो रही है। याचिकाकर्ता सहमत हैं कि अन्य देशों से भी आयात हुए हैं जिनकी प्राधिकारी द्वारा अलग से जांच की जा रही है। याचिकाकर्ताओं ने यह मांग की है और निर्दिष्ट प्राधिकारी ने गैर-विभेदकारी आधार पर पाटनरोधी शुल्क लगाने पर विचार किया है।

xviii. घरेलू उद्योग के लाभों में गिरावट आई है जिससे पाटित आयातों से स्पष्ट कारणात्मक संबंध प्रदर्शित होता है।

xix. ईंधन में परिवर्तन कोई असाधारण लागत नहीं है। इसे आय-व्यय के रूप में प्रभारित किया गया है जो जीएएपी से संगत है। जी ए ए पी में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि निम्नलिखित मदों पर बट्टे-खाते डालना, राइट डाउन, लाभ या घाटे असाधारण मद नहीं माने जाएंगे। इनमें (क) संपत्ति का परित्याग (ख) दीर्घावधिक संविदाओं पर संग्रहण (ग) किसी कंपनी के संघटक का निपटान (घ) हड़ताल का प्रभाव (ड.) अन्य को पट्टे पर प्रदत्त उपकरण (च) विदेशी मुद्रा विनिमय (छ)विदेशी मुद्रा परिवर्तन (ज) अमूर्त परिसंपत्तियां (झ) मालसूची (ट) प्राप्तव्य और (ठ) संपत्ति की बिक्री शामिल हैं।

xx. असाधारण के रूप में वर्गीकृत की जा सकने वाली मदों के उदाहरण भूकंप द्वारा सुविधाओं का नष्ट होना या किसी क्षेत्र में जहां ओले से नुकसान होना दुर्लभ हो, वहां ओलावृष्टि से अंगूर के बागीचे का नष्ट होना शामिल है। इसके विपरीत असाधारण के रूप में योग्य नहीं होने वाली मदों के उदाहरण में किसी क्षेत्र विशेष में जहां फसल नष्ट होना आम बात हो, वहां मौसम द्वारा फसल नष्ट होना है। असाधारण मदों को आय विवरण में अलग मदों के भीतर सूचित किए जाने के पीछे उद्देश्य पाठकों के लिए यह स्पष्ट करना है कि कौन सी मदें व्यवसाय के प्रचालन या वित्तीय परिणामों से पूर्णत: असंबद्ध हैं।

xxi. एल एन जी एक सस्ता ईंधन होना प्रत्याशित था। एल एन जी कोचीन में 2013-14 से पहले उपलब्ध नहीं था। ऐसा प्रत्याशित था कि एल एन जी, एल एस एफ ओ की तुलना में सस्ता ईंधन बन जाएगा और 2013-14 में यह कोचीन में उपलबध हो जाएगा। इसलिए कंपनी ने ईंधन के रूप में एन एन जी के प्रयोग के लिए सुविधाएं स्थापित कीं। कंपनी को उम्मीद थी कि इससे कंपनी की लागत बचेगी।

xxii. कंपनी ने 2013-14 में इसके शुरू किए जाने पर ईंधन के रूप में एल एन जी का प्रयोग शुरू कर दिया। इसका अर्थ यह है कि एल एन जी और एल एस एफ ओ की संगत कीमत समय-समय पर बदलती रहती हैं और इस मामले को सिद्ध नहीं करती हैं कि एल एन जी एल एस एफ ओ की तुलना में ईंधन का अनन्य सस्ता स्रोत है।

xxiii. विद्युत की खपत में वृद्धि घरेलू उद्योग की अकुशलता के कारण नहीं हुई है।

xxiv. लाभ में गिरावट मजदूरी में वृद्धि की तुलना में काफी अधिक है। प्रति मी.ट. मजदूरी में वृद्धि प्रदत्त उच्चतर मजदूरी के कारण नहीं है बल्कि अगले वर्ष प्रदत्त मजदूरी के बकायों और वर्ष के दौरान उत्पादन में गिरावट के कारण हुई है।

xxv. एच ओ सी एल को आंतरिक कारकों की वजह से क्षति नहीं हो रही है। पुराना संयंत्र होने के कारण इसका मूल्यह्रास और ब्याज लागत कम है और इसलिए नए संयंत्र की तुलना में इसकी अनुरक्षण लागत कम है। यह एक सामान्य व्यवसायिक/आर्थिक स्थिति है और इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है।

xxvi. 86 प्रतिशत से अधिक आर ओ सी ई के तर्क के संबंध में यह अनुरोध किया जाता है कि घरेलू उद्योग के लिए निवेश पर आय इस अवधि के दौरान में 22.29 प्रतिशत के उच्च स्तर से -22.31 प्रतिशत के कम स्तर तक काफी अधिक परिवर्तित हुई है। निवेश पर आय में इस उतार-चढ़ाव का एक कारण यह तथ्य है कि उत्पाद में नियोजित पूंजी काफी कम है जबकि दोनों कंपनियों की परिसंपत्तियां काफी घिस चुकी हैं। दोनों कंपनियों को कम कार्यशील पूंजी पर कार्य करना पड़ रहा है। नियोजित पूंजी के इस असामान्य कम स्तर की वजह से प्रति इकाई लाभ में कम बदलावों के साथ नियोजित पूंजी पर असामान्य रूप से कम या ज्यादा आय हुई है। इसके अलावा, प्राधिकारी क्षति रहित कीमत के निर्धारण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग द्वारा पहले निवेश पर अर्जित आय पर कृपया विचार करें। यह नियोजित पूंजी के काफी कम स्तर की वजह से और भी न्यायोचित हो जाता है।

xxvii. उत्पाद का निरंतर पाटन प्रतिस्पर्धा को अनुचित बना देता है। इससे संबंधित उत्पाद के उपभोक्ताओं के हित प्रभावित हो रहे हैं।

xxviii. याचिकाकर्ताओं ने पिछले अनेक मामलों में अपनाई गई पद्धति को अपनाया है। निर्दिष्ट प्राधिकारी इस संबंध में सूचना का सत्यापन कर सकते हैं।

xxix. यह याचिकाकर्ता का तर्क नहीं है कि पूरा बाजार हिस्सा दक्षिण अफ्रीका ने छीन लिया है। याचिकाकर्ता का तर्क यह है कि उनके बाजार हिस्से पर उत्पाद का पाटन करने वाले अनेक स्रोतों से पाटित आयातों द्वारा कब्जा कर लिया गया है जिससे घरेलू उद्योग की कीमत पर काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

xxx. निर्णायक समीक्षा स्तर पर ऐसी कोई कानूनी अपेक्षा नहीं होती कि संबद्ध देश से आयात भारत में खपत की दृष्टि से वृद्धिशील होने चाहिए। जैसा अन्यत्र भी बताया गया है, दक्षिण अफ्रीका से आयात मात्रा पाटनरोधी शुल्कों की मौजूदगी के बावजूद काफी अधिक रही है। इसके अलावा, जांच के बाद की अवधि में मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। इससे संभावना स्पष्टत: सिद्ध होती है। .

xxxi. इस तर्क का कोई आधार नहीं है कि पुराने संयंत्र की वजह से स्थिर लागतें अधिक हैं। पुराना संयंत्र होने के कारण इसके मूल्यह्रास और ब्याज लागत काफी कम है। इन परिस्थितियों में स्वाभावित है कि अनुरक्षण लागत किसी नए संयंत्र से अधिक हो। किसी नए संयंत्र में उच्चतर ब्याज और मूल्यह्रास लागत होगी परंतु अनुरक्षण लागत कम होगी जबकि पुराने संयंत्र में कम मूल्यह्रास और ब्याज लागत होगी परंतु अनुरक्षण लागत अधिक होगी ।यह एक सामान्य आर्थिक/व्यापारिक स्थिति है और इसमें कुछ भी असामान्य नहीं है। याचिकाकर्ता सहमत हैं कि प्रस्तावित जांच अवधि में उत्पादन लागत और बिक्री कीमत दोनों में वृद्धि हुई है। तथापि, बिक्री कीमत में वृद्धि बिक्री लागत में हुई वृद्धि से काफी कम है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग के लाभ पर प्रभाव घरेलू उद्योग की कीमतों पर आयातों के अधिक न्यूनकारी प्रभाव की वजह से पडा है। घरेलू उद्योग 2011-12 तक लाभ कमाने में सक्षम था। यहां यह नोट किया जाए कि 2012 और 2013 के अनुसंधान के अनुसार दक्षिण अफ्रीका भारत में फेनोल की कुल आपूर्ति के 8-9 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार था जो सभी मानकों के अनुसार काफी अधिक है।

xxxii. उत्पादन लागत में वृद्धि कच्ची सामग्री की लागत में वृद्धि के कारण हुई है। प्राधिकारी द्वारा इसका सत्यापन किया जा सकता है।

xxxiii. इस तर्क के संबंध में कि केवल एक उत्पादक को नुकसान हो रहा है। यह बताया जाता है कि यह तर्क बिल्कुल काल्पनिक है। इस अवधि के दौरान एस आई ग्रुप के लाभों में भी तेजी से गिरावट आई है।

xxxiv. इस तर्क कि जांच अवधि के बाद के आंकड़े अत्यधिक गोपनीय सूचना के कारण अविश्वसनीय है। यह अनुरोध किया जाता है कि जांच अवधि के बाद आयातों की मात्रा लगभग 19,000 मी.ट. है जो देश की मांग का 7 प्रतिशत हिस्सा है और इस प्रकार इससे पाटनरोधी शुल्क हटाए जाने पर पाटन और क्षति की संभावना पर्याप्त रूप से सिद्ध होती है। यदि आयातों की मात्रा वर्तमान आयातों के आस-पास भी रहती है तो वह संभावना सिद्ध करने के लिए पर्याप्त है।

xxxv. बिक्री लाभ उत्पादन आदि में गिरावट के संबंध में यह बताया गया है कि एच ओ सी एल और एस आई ग्रुप दोनों को अलग-अलग क्षति हुई है। तथापि, घरेलू उद्योग के दोनों उत्पादकों के लिए आंकड़े दिए जाने के कारण वह संचयी रूप से दी गई है।

xxxvi. जहां तक प्रतिवादियों द्वारा वार्षिक रिपोर्टों का संदर्भ दिए जाने का संबंध है, यह अनुरोध किया जाता है कि वार्षिक रिपोर्ट में कोच्चि इकाई में निर्मित फेनोल और एसीटोन पर पाटनरोधी शुल्क हटाए जाने की बात को स्पष्ट रूप से इकाई द्वारा उठाए गए

घाटे का मुख्य कारण माना गया है। वार्षिक रिपोर्ट मं अभिज्ञात अन्य ज्ञात कारणों के संबंध में ये ऐसे कारक हैं जो काफी समय से अस्तित्व में हैं। यद्यपि, ये कारक विदेशी उत्पादकों की तुलना में घरेलू उद्योग की समग्र लाभप्रदता में अंतर के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं परंतु ये कार्य निष्पादन में विकृति के जिम्मेदार नहीं हैं।

xxxvii. प्रतिवादियों के इस तर्क के संबंध में कि अधिकसतम संभव पाटनरोधी शुल्क भी दीर्घावधिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकता है, यह अनुरोध किया गया है कि इस तर्क का कोई आधार नहीं है। पुराने संयंत्र से वास्तव में कम ब्याज, मूल्यह्रास लागत और पूंजीगत लागत होती है। याचिकाकर्ता ने अनेक बाद 90 प्रतिशत से अधिक क्षमता उपयोग प्राप्त किया है और कई बार 100 प्रतिशत से अधिक भी क्षमता उपयोग किया है। याचिकाकर्ता के खपत कारक संयंत्र की कुशल चालकता पर स्पष्ट रूप से संकेत करते हैं। .

ख.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

37. प्राधिकारी ने पाटन के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के संबंध में हितबद्ध पक्षों के विभिन्न अनुरोधों को नोट किया है और रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों तथा लागू कानून पर विचार करते हुए उनका विश्लेषण किया है। तद्नुसार, प्राधिकारी संबद्ध देश से आयातों के कारण पाटन और क्षति की संभावना के पहलुओं की जांच करने से पहले घरेलू उद्योग को हुई वर्तमान क्षति यदि कोई हो, की जांच की कार्रवाई करते हैं।

38. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम-11 में किसी क्षति के निर्धारण में यह उपबंध है कि किसी क्षति जांच में "... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत कारकों को ध्यान में रखते हुए ..." ऐसे कारकों की जांच शामिल होगी जिनसे घरेलू उद्योग को हुई क्षति का पता चल सकता हो। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात पर विचार करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती।".

39. भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव, उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतक जैसे उत्पादन, क्षमता उपयोग, बिक्री मात्रा, स्टॉक, लाभप्रदता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन की मात्रा और मार्जिन आदि की जांच के लिए संबंधित नियम के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

40. वर्तमान क्षति विश्लेषण के प्रयोजनार्थ प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग पर संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों के मात्रा और कीमत प्रभावों और कीमतों तथा लाभप्रदता पर उसके प्रभाव की इस बात के लिए जांच की है कि क्या क्षति हुई है और पाटन तथा क्षति यदि कोई हो, के बीच कारणात्मक संबंध है। प्राधिकारी ने नियमों के अंतर्गत घरेलू उद्योग बनाने वाले मै0 हिंदुस्तान आर्गेनिक केमिकल लि0, मै0 एस आई ग्रुप इंडिया लि0 से संबंधित सूचना पर विचार करते हुए घरेलू उद्योग को हुई क्षति की जांच की है। तद्नुसार पाटित आयातों की मात्रा और कीमत प्रभाव की निम्नानुसार जांच की गई है :

ख.4 <u>मात्रात्मक प्रभाव:</u>

(i) <u>पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव तथा घरेलू उद्योग पर प्रभाव</u>

क) <u>आयात मात्रा तथा आयातों में हिस्सा</u>

41. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में समग्र रूप से या भारत में उत्पादन अथवा खपत की दृष्टि से भारी वृद्धि हुई है। डी जी सी आई एंड एस से प्राप्त आयात आंकड़ों की आयात मात्राओं और कीमतों तथा घरेलू उद्योग पर इनके प्रभाव के विश्लेषण के लिए निम्नानुसार जांच की गई है :

विवरण	इकाई	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	पीओआई
से आयात					
संबद्ध देश- दक्षिण अफ्रीका	मी.ट.	8,243	11,223	13,582	14,033
प्रवृत्ति		100	136	165	170
देश जिनके विरूद्ध जांच चल रही है	मी.ट.	47,777	61,381	93,078	134,365
प्रवृत्ति		100	128	195	281
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	मी.ट.	32,597	12,047	22,666	5,594
प्रवृत्ति		100	37	70	17
अन्य देश	मी.ट.	11,947	37,319	16,775	17,726
कुल आयात	मी.ट.	100,564	121,970	146,101	171,718
प्रवृत्ति		100	121	145	171
आयातों में हिस्सा					
संबद्ध देश- दक्षिण अफ्रीका	%	8	9	9	8
देश जिनके विरूद्ध जांच चल रही है	%	48	50	64	78
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	%	32	10	16	3
अन्य देश	%	12	31	11	10
कुल आयात	%	100	100	100	100

42. उपयुक्त आंकड़े दर्शाते हैं कि क्षति जांच अवधि के दौरान कुल आयातों में आधार वर्ष की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं पर अनेक देशों से आयात पर पाटनरोधी शुल्क लागू है और अनेक अन्य देशों के विरूद्ध पाटनरोधी जांच चल रही है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि ऐसे देशों, जिनके विरूद्ध पाटनरोधी जांच चल रही है से आयातों में वृद्धि हुई है जबकि संबद्ध देशों को छोड़कर जिन देशों पर पाटनरोधी शुल्क लागू है उनसे आयातों में गिरावट आई है। दक्षिण अफ्रीका के मामले में यद्यपि, कुल आयात में संबद्ध देश का हिस्सा आधार वर्ष की तरह समान स्तर पर रहा है, तथापि, इस अवधि के दौरान आयात मात्रा में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आयातों का अधिकांश हिस्सा जांच के अधीन देशों से आता है।

ख) <u>मांग तथा बाजार हिस्से का आकलन</u>

43. प्राधिकारी ने भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयातों को जोड़कर देश में उत्पाद की मांग या स्पष्ट खपत को निर्धारित किया है। इस प्रकार आकलित मांग निम्नांकित तालिका से देखी जा सकती है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुओं की मांग में पूरी क्षति अवधि के दौरान सकारात्मक रूझान रहा है।

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	पीओआई
भारत में मांग					
घरेलू उद्योग की बिक्री (आबद्ध खपत सहित)	मी.ट.	73,430	80,020	67,361	61,185
प्रवृत्ति	Index	100	109	92	83
वाणिज्यिक बिक्री	मी.ट.	69,629	77,521	64,427	54,316
आबद्ध खपत	मी.ट.	3,801	2,499	2,934	6,869
कुल आयात	मी.ट.	100,564	121,970	146,101	171,718
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	121	145	171
संबद्ध देशों से आयात –दक्षिण अफ्रीका	मी.ट.	8,243	11,223	13,582	14,033
ऐसे देशों से आयात जिनके विरूद्ध जांच चल रही है	मी.ट.	47,777	61,381	93,078	1,34,365
अन्य देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	मी.ट.	32,597	12,047	22,666	5,594
अन्य देशों से आयात	मी.ट.	11,947	37,319	16,775	17,726
कुल मांग	मी.ट.	1,73,994	2,01,990	2,13,462	2,32,903
प्रवृत्ति					

मांग में बाजार हिस्सा	%	2009-10	2010-11	2011-12	POI
घरेलू उद्योग	%	42	40	32	26
एचओसीएल	%	22	21	14	11
एस आई ग्रुप	%	20	19	18	15
संबद्ध देश-दक्षिण अफ्रीका	%	5	6	6	6
ऐसे देशों से आयात जिनके विरूद्ध जांच चल रही है	%	27	30	43	58
देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	%	19	6	11	2
अन्य देशों से आयात	%	7	18	8	8
कुल	%	100	100	100	100

44. आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में संबद्ध वस्तु के लिए मांग में स्वस्थ वृद्धि हुई है। आधार वर्ष की तुलना में मांग में लगभग 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई है परंतु बाजार का अधिकांश हिस्सा जांच के अधीन देशों द्वारा कब्जा कर लिया गया है जबकि घरेलू उद्योग तथा पाटनरोधी शुल्क वाले देशों के बाजार हिस्से में गिरावट आई है। .

(ii) <u>कीमत प्रभाव</u>

क) <u>पाटित आयातों का कीमत प्रभाव तथा घरेलू उद्योग पर प्रभाव</u>

45. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान

उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की गई है या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों को काफी कम करना है या कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा में बढ़ गई होती। घरेलू उद्योग की कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री और कीमत न्यूनीकरण यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है।.

ख) <u>आयात कीमतों की प्रवृत्ति</u>

46.डी जी सी आई एंड एस के आंकडों के अनुसार जांच अवधि के दौरान विभिन्न देशों से आयातित संबद्ध वस्तु की आयात कीमतें निम्नानुसार रहीं:

निम्नलिखित से अयात की सीआईएफ कीमत	इकाई	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	पीओआई
संबद्ध देश- दक्षिण अफ्रीका	रू./मी.ट.	45,580	66,936	68,589	70,704
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	147	150	155
देशों जिनके विरूद्ध जांच चल रही है	रू./मी.ट.	48,228	75,646	73,894	81,147
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	157	153	168
अन्य देश जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है	रू./मी.ट.	49,470	81,961	76,953	83,341
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	166	156	168
अन्य देश	रू./मी.ट.	60,559	75,688	87,044	85,305
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	125	144	141
समस्त आयात	रू./मी.ट.	49,878	75,481	75,385	80,766
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	151	151	162

47. प्राधिकारी उक्त तालिका में दिए गए आंकड़ों से नोट करते हैं कि दक्षिण अफ्रीका से आयातों की सीआईएफ कीमतें अन्य देशों से संबद्ध वस्तु के आयातों की सीआईएफ कीमतों की तुलना में सबसे कम है।

ग) <u>कीमत कटौती और कम कीमत पर बिक्री</u>

48. इस बात के निर्धारण के लिए कि क्या पाटित आयात बाजार में घरेलू उद्योग की कीमत में कटौती कर रहे हैं। **प्राधिकारी** ने पाटित आयातों की पहुंच कीमत की तुलना घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति से की है। निम्नांकित तालिका में घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत पाटित आयातों की पहुंच कीमत और कीमत कटौती को दर्शाया गया है। प्राधिकारी ने पाटनरोधी शुल्क सहित और उसके बिना कीमत कटौती तथा कम कीमत पर बिक्री का निम्नानुसार विश्लेषण किया है:

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच अवधि**
घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	150	140	145
पाटनरोधी शुल्क रहित पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	49,592	72,828	74,626	76,927
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	147	150	155
पाटनरोधी शुल्क सहित पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	55,340	78,323	80,355	83,436
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	142	145	151
पाटनरोधी शुल्क रहित कीमत कटौती	रू./मी.ट.	****	****	****	****

पाटनरोधी शुल्क रहित कीमत कटौती	सूचीबद्ध	100	160	102	110
पाटनरोधी शुल्क रहित कीमत कटौती	%	****	****	****	****
पाटनरोधी शुल्क रहित कीमत कटौती	रेंज %	15-25	20-30	10-20	10-20
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत कटौती	रू./मी.ट.	****	****	****	****
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत कटौती	सूचीबद्ध	100	206	104	108
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत कटौती	%	****	****	****	****
पाटनरोधी शुल्क सहित कीमत कटौती	रेंज %	10-20	10-20	5-15	5-15
जांचाधीन देशों से आयातों पर पहुंच कीमत	रू./मी.ट.	52,473	82,304	80,398	88,289
जांचाधीन देशों से आयातों पर पहुंच कीमत	सूचीबद्ध	100	157	153	168
जांचाधीन देशों से आयातों पर पहुंच कीमत	रू./मी.ट.	****	****	****	****
जांचाधीन देशों से आयातों पर पहुंच कीमत	%	****	****	****	****
जांचाधीन देशों से आयातों पर पहुंच कीमत	रेंज %	10-20	10-20	5-15	0-10

49. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से पाटित आयातों का कीमत कटौती प्रभाव पाटनरोधी शुल्क सहित और उसके बिना, दोनों तरह से काफी अधिक है। यद्यपि, संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु का पहुंच मूल्य में मामूली वृद्धि हुई है, परंतु यह अन्य देशों की तुलना में सबसे कम रहा है जिससे घरेलू कीमतों में अधिकतम सीमा तक कटौती हुई है।

घ) <u>कम कीमत पर बिक्री</u>

50.निम्नांकित तालिका में वार्षिक भारित औसत आधार पर पाटित आयातों की पहुंच कीमत और कम कीमत पर बिक्री के आधार पर घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत को ज्ञात करना दर्शाया गया है।

विवरण	यूओएम	पीओआई
घरेलू उद्योग की क्षति रहित कीमत	रू./मी.ट.	****
पाटनरोधी शुल्क रहित पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	76,927
पाटनरोधी शुल्क रहित कम कीमत पर बिक्री	रू./मी.ट.	****
पाटनरोधी शुल्क रहित कम कीमत पर बिक्री	%	****
पाटनरोधी शुल्क रहित कम कीमत पर बिक्री	रेंज %	20-30
पाटनरोधी शुल्क रहित पहुंच कीमत	रू./मी.ट.	83,436
पाटनरोधी शुल्क सहित कम कीमत पर बिक्री	रू./मी.ट.	****
पाटनरोधी शुल्क सहित कम कीमत पर बिक्री	%	****
पाटनरोधी शुल्क सहित कम कीमत पर बिक्री	रेंज %	10 - 20

जांचाधीन देशों से आयातों का पहुंच मूल्य	रू./मी.ट.	88,289
इन आयातों से कम कीमत पर बिक्री	रू./मी.ट.	****
कम कीमत पर बिक्री	%	****
कम कीमत पर बिक्री	रेंज %	5-15

51. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से पाटित आयातों का कम कीमत पर बिक्री प्रभाव पाटनरोधी शुल्क सहित और उसके बिना दोनों तरह से काफी अधिक है। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि जांच के अधीन देशों से आयातों का पहुंच मूल्य संबद्ध देश से पाटित आयातों के पहुंच मूल्य से अधिक है जिससे संबद्ध देश से आयातों का उच्चतर कीमत प्रभाव प्रदर्शित होता है।

ड.) <u>कीमत ह्रास और न्यूनीकरण</u>

52. घरेलू कीमतों पर पाटित आयातों के कीमत ह्रास और न्यूनीकरण प्रभाव की जांच करने के लिए घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति के रूझान की तुलना उतपादन लागत के साथ की गई है। नीचे दिए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग 2011-12 तक अपनी उत्पादन लागत से अधिक उपयुक्त बिक्री कीमत प्राप्त कर रहा था। तथापि, जांच अवधि के दौरान मूल कच्ची सामग्री अर्थात बेंजीन की लागत में भारी वृद्धि के कारण उत्पादन और बिक्री की लागत में भारी वृद्धि हो गई है परंतु घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत इस अवधि के दौरान काफी कम कीमत पर पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण उसकी उत्पादन लागत से कम रही है जिससे जांच अवधि में वित्तीय घाटा हुआ है।

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**जांच अवधि**
बिक्री की लागत	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	121	133	164
एच ओ सी एल	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	118	138	166
एसआई ग्रुप	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	124	131	164
निवल बिक्री कीमत	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	150	140	145
एच ओ सी एल	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति		100	148	138	144
एसआई ग्रुप	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	152	141	146
लाभ/हानि	रू./मी.ट.	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	571	233	(125)
एच ओ सी एल	रू./मी.ट.	****	****	****	(****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	796	154	(324)
एसआई ग्रुप	रू./मी.ट.	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	449	253	(40)

पाटनरोधी शुल्क रहित पहुंच कीमत	रू./मी.ट.	49,592	72,828	74,626	76,927
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	147	150	155

(iii) <u>घरेलू उद्योग को प्रभावित करने वाले आर्थिक मापदंड</u>

53. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर इन आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । नियमों में आगे यह उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा । घरेलू उद्योग के निष्पादन की जांच से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग को वास्तविक क्षति हुई है । घरेलू उद्योग से संबंधित विभिन्न क्षति मापदंडों पर निम्नानुसार चर्चा की गई है :-.

(iv) <u>क्षमता, उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्रियां</u>

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	पीओआई
स्थापित क्षमता	मी.ट.	74,200	74,200	74,200	74,200
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
एच ओ सी एल	मी.ट.	40,000	40,000	40,000	40,000
एस आई ग्रुप	मी.ट.	34,200	34,200	34,200	34,200
उत्पादन	मी.ट.	72,850	80,796	67,500	59,921
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	93	82
एच ओ सी एल	मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	117	82	66
एस आई ग्रुप	मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	104	99
क्षमता उपयोग	%	98.18	108.89	90.97	80.76
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	93	82
एच ओ सी एल	%	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध				
एस आई ग्रुप	%	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	105	104	99
घरेलू बिक्री	मी.ट.	69,629	77,521	64,427	54,316
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	111	93	78

54. बिक्रियों, क्षमता, उत्पादन और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन की निम्नानुसार जांच की गई है । प्राधिकारी निम्नांकित तालिका से नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्रियों में 2010-11 तक वृद्धि हुई है और तत्पश्चात भारी गिरावट आई है । यह भी नोट किया जाताहै कि पर्याप्त मांग के बावजूद घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का पूर्णत: उपयोग करने में सक्षम नहीं हुआ था ।

55. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संपूर्ण क्षति जांच अवधि के दौरान एस आई ग्रुप अपनी पूर्ण क्षमता पर प्रचालनरत था । 2010-11 में एच ओ सी एल भी पूर्ण क्षमता पर प्रचालनरत था । तत्पश्चात एच ओ सी एल के उत्पादन और बिक्री में भारी गिरावट आ गई । एच ओ सी एल ने दावा किया है कि वह कार्यशील पूंजी की कमी की वजह से अपनी उच्चतम क्षमता पर संयंत्र को नहीं चला पा रहा था जो स्थिति पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण बनी थी जिससे घरेलू बाजार में उचित बिक्री कीमत की प्राप्ति प्रभावित हुई ।

(v) <u>मांग में बाजार हिस्सा</u>

56. घरेलू बिक्रियों और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से पर पाटित आयातों के प्रभाव को निम्नांकित तालिका में दर्शाया गया है :

मांग में बाजार हिस्सा	%	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**पीओआई**
घरेलू उद्योग	%	42	40	32	26
एच ओ सी एल	%	****	****	****	****
एस आई ग्रुप	%	****	****	****	****
संबद्ध देश- दक्षिण अफ्रीका	%	5	6	6	6
ऐसे देशों से आयात जिनके विरूद्ध जांच चल रही है	%	27	30	43	58
देशों से आयात जिन पर पाटनरोधी शुल्क लागू है।	%	19	6	11	2
अन्य देशों से आयात	%	7	18	8	8
कुल	%	100	100	100	100

57. <u>आंकड़े दर्शाते हैं कि यद्यपि, घरेलू उद्योग को बाजार हिस्से में भारी घाटा उठाना पड़ा है, तथापि, संबद्ध देश का हिस्सा संपूर्ण क्षतिजांच अवधि के दौरान लगभग 6 प्रतिशत के स्तर पर बना रहा है । ऐसा लगता है कि घरेलू उद्योग ने अपना पर्याप्त बाजार हिस्सा जांच के अधीन अन्य देशों के लिए गंवा दिया है ।</u>

(vi) <u>लाभ/हानि, निवेश पर आय और नकद प्रवाह</u>

58. निवेश पर आय, ब्याज पूर्व और पश्चात लाभ/हानि तथा नकद प्रवाह निम्नांकित तालिका में दर्शाए गए हैं :

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	**पीओआई**
घरेलू उद्योग की उतपादन लागत	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	121	133	164
घ.उ. की निवल बिक्री कीमत	रू./मी.ट.	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	150	140	145
घ.उ. की लाभ/हानि	रू./मी.ट.	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	571	233	(125)

लाभ/हानि	लाख रू.	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	622	214	(104)
ब्याज पूर्व लाभ	रू./मी.ट.	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	546	199	(68)
नकद लाभ	रू./मी.ट.	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	574	203	(87)
नियोजित पूंजी पर आय	%	****	****	****	(****)
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	472	205	(100)

59. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तु की उत्पादन लागत कच्ची सामग्री और सुविधाओं की कीमत में आधार वर्ष तथा तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान तेजी से वृद्धि के कारण हुई है। तथापि, ऐसा लगता है कि घरेलू उद्योग जांच अवधि के दौरान संबद्ध देश सहित विभिन्न स्रोतों से संबद्ध वस्तु के पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि के अनुसार अपनी बिक्री कीमत में वृद्धि नहीं कर सका है।

60. उक्त तालिका से देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग पूर्ववर्ती वर्ष अर्थात 2011-12 तक भारी लाभ कमा रहा था और वास्तव में आधार वर्ष की तुलना में 2010-11 और 2011-12 में लाभ तथा ब्याज दर दोनों में भारी वृद्धि हुई थी। तथापि, जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लाभप्रदता प्रभावित हुई है और नकद घाटे हुए हैं।

(vii) **मालसूची**

61. निम्नांकित तालिका में दिए गए आंकड़े दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग की मालसूची के स्तर में आधार वर्ष की तुलना में गिरावट आई है।

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	पीओआई
औसत स्टॉक	मी.ट.	2,086	2,142	2,520	2,006
औसत स्टॉक	सूचीबद्ध	100	103	121	96

(viii) **रोजगार एवं मजदूरी**

62. निम्नांकित तालिका से प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग की रोजगार और मजदूरी दोनों प्रस्तावित क्षति अवधि में सुधार प्रदर्शित हुआ है।तथापि, यह भी नोट किया जाता है कि इस बात को देखते हुए घरेलू उद्योग एक बहु उत्पाद कंपनी है और इन कारकों के लिए कार्य निष्पादन वर्तमान कानूनों द्वारा अभिशासित होता है, ये मापदंड घरेलू उद्योग द्वारा उठाई गई निरंतर क्षति को पदर्शित नहीं कर सकते हैं।

विवरण	**इकाई**	**2009-10**	**2010-11**	**2011-12**	पी ओ आई
रोजगार	सं.	289	325	288	296
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	100	102
मजदूरी	लाख रू0	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	300	252	256

(ix) उत्पादकता

63. प्राधिकारी निम्नांकित तालिका से नोट करते हैं कि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की उत्पादकता उत्पादों में गिरावट के कारण घटी है।

विवरण	इकाई	2009-10	2010-11	2011-12	पी ओ आई
रोजगार	सं.	289	325	288	296
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	112	100	102
मजदूरी	लाख रू0	****	****	****	****
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	300	252	256

(x) पाटन मार्जिन की मात्रा

64. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों का पाटन मार्जिन पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद सकारात्मक और काफी अधिक है।

(xi) <u>वृद्धि</u>

65. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग में 2010-11 तक सकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित की है। उसके बाद वृद्धि नकारात्मक हो गई और जांच अवधि के दौरान वृद्धि काफी ऋणात्मक रही है।

वर्ष दर वर्ष वृद्धि		2010-11	2011-12	पी ओ आई
उत्पादन	%	10.91	(16.46)	(11.23)
बिक्री	%	11.34	(16.89)	(15.69)
लाभ/मी.ट.	%	470.97	(59.14)	(153.64)
बाजार हिस्सा	%	(2)	(8)	(7)
आर ओ सी ई	%	82.98	(59.47)	(68.11)

(xi) <u>घरेलू कीमत को प्रभावित करने वाले कारक</u>

66. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तु की घरेलू मांग काफी अधिक है। संबद्ध वस्तुएं अनेक देशों से आयातित की जा रही हैं और संबद्ध देश सहित अनेक देशों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क लागू है। पाटनरोधी जांच उन देशों से कथित पाटन के लिए अनेक अन्य देशों के विरूद्ध भी प्रगति पर है। घरेलू कीमतें इसलिए विभिन्न स्रोतों से इन आयातों की मात्रा और कीमत के संचयी प्रभाव के कारण प्रभावित हुई हैं।

(xii) <u>पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता</u>

67. निवेश जुटाने की क्षमता के संबंध में यह नोट किया जाता है कि घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद में नए निवेश किए हैं। इसके अलावा, यद्यपि, मांग घरेलू उद्योग की क्षमता से काफी अधिक है, तथापि, घरेलू उद्योग अपनी क्षमता का उपयोग नहीं कर पाया है और घाटा उठा रहा है।

ज. <u>कारणात्मक संबंध</u>

68. नियमों में प्राधिकारी के लिए पाटित आयातों और पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को हुई क्षति के बीच कारणात्मक संबंध की जांच करना अधिदेशित है। प्राधिकारी ने आगामी पैराग्राफों में इस बात की जांच की है कि क्या किसी ज्ञात कारक से घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती है।

i. **<u>तीसरे देशों से आयात :</u>** प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध वस्तुएं अनेक देशों से आयातित की जा रही हैं और संबद्ध देश सहित अनेक देशों के विरुद्ध पाटनरोधी शुल्क लागू है। पाटनरोधी जांच उन देशों से कथित पाटन के लिए अनेक अन्य देशों के विरुद्ध भी प्रगति पर है। विभिन्न स्रोतों से पाटित आयात कुल आयातों का लगभग 12 प्रतिशत है और जांच के अधीन कथित पाटित आयात कुल आयातों का लगभग 78 प्रतिशत है। अत: पाटित आयातों से हुई क्षति इन सभी स्रोतों से आयातों का संचयी प्रभाव होने के कारण हुई है।

ii. **<u>मांग में संकुचन –</u>** प्राधिकारी नोट करते हैं कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में पूरी जांच अवधि के दौरान सकारात्मक वृद्धि हुई है इसलिए मांग में संकुचन ऐसा संभावित कारण नहीं है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति में वृद्धि हो सकती हो।

iii. **खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन-**विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत की प्रवृत्ति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है इसलिए खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन से घरेलू उद्योग को हुई क्षति में कोई योगदान नहीं रहा है।

